बिलासपुर
मंगलवार, 26 अगस्त 2025



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हरतालिका तीज की मंगलकामनाएं









- योजनाओं में हैं करोड़ों हितग्राही, अब सभी का होगा ईकेवायसी
- सरकार ने जारी किया आदेश, 30 सितंबर तक करेंगे ये काम

# छत्तीसगढ़ का बजट 165 लाख करोड़ का, इसमें से 33 हजार करोड़ से ज्यादा मुफ्त योजनाओं पर खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार प्रदेश के किसानों, महिलाओं, गरीबों, मजदूरों के लिए जो योजनाएं चलाती है, उस पर सरकार की एक बड़ी रकम खर्च होती है, लेकिन इससे ही जुड़ा ये तथ्य चौंकाने वाला है कि इन मुफ्त की योजनाओं में सरकार के खजाने से 33 हजार करोड़ रुपए से अधिक हर साल खर्च हो रहे हैं।

राज्य का कुल बजट ही 1 लाख 65 हजार करोड़ का है, इसमें मुफ्त योजनाओं का हिस्सा 20 प्रतिशत से अधिक का है। इन सभी योजनाओं के हितग्राहियों की पहचान पुख्ता करने के लिए सभी का ईकेवाईसी कराने का आदेश सरकार ने दिया है। राज्य सरकार के वित्त विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विशेष सचिव तथा सरकार के सभी विभागों को एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विभिन्न वर्गों के लिए संचालित अनेक हितग्राही मूलक योजनाओं का पात्रतानुसार हितग्राहियों का 30 सितंबर तक अनिवार्यतः केवाईसी करवाया जाए।

## किस योजना में बंटती है कितनी मुफ्त रकम

राज्य शासन की कुछ प्रमुख फ्लैगशिप हितग्राही मूलक योजनाएं :-

| योजना का नाम | लाभान्वितों की संख्या | राशि (करोड़) |
|---|---|---|
| कृषक उन्नति योजना | 25.49 लाख | 12,000 |
| महतारी वंदन योजना | 70 लाख महिलाएं | 8,000 |
| 5 एचपी तक कृषि पंपों को निशुल्क विद्युत प्रदाय | 6.96 लाख | 3,500 |
| हाफ बिजली बिल योजना | 44.58 लाख परिवार | 1274 |
| एकल बत्ती कनेक्शन योजना | 15.77 लाख परिवार | 500 |
| मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना | 79.61 लाख परिवार | 4,500 |
| नमक, शक्कर प्रदाय योजना | 71.79 लाख परिवार | 350 |
| गुड़ प्रदाय योजना | 7.60 लाख परिवार | 75 |
| चना प्रदाय योजना | 30.84 लाख परिवार | 400 |
| दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन एवं कृषि मजदूर कल्याण योजना | 5.62 लाख | 562 |
| शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना | 81 लाख परिवार | 2,000 |
| योग | | 33,161 |

खास बात ये है कि हितग्राहियों की संख्या प्रदेश की कुल आबादी से अधिक है, वजह ये कि सरकार के कई विभाग अलग-अलग योजनाएं चलाते हैं, इसमें एक-एक हितग्राही को अलग-अलग योजनाओं का लाभ मिलता है।




### केवाईसी इसलिए है जरूरी

राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का केवाईसी करने का आदेश इसलिए दिया है कि वास्तविक हितग्राहियों की पहचान प्रमाणित हो सके। दरअसल पूर्व में इस तरह की बातें सामने आईं कि कुछ योजनाओं में अपात्र लोगों को योजना का लाभ मिल रहा है। यह इसलिए हुआ कि केवाईसी नहीं हो पाई थी। हालांकि वित्त विभाग ने 17 जून को जारी आदेश में केवाईसी करने कहा था। लेकिन 25 अगस्त को जारी आदेश में साफ किया गया है कि केवाईसी 30 सितंबर तक कर ली जाए।

**और ये छूट भी देती है सरकार :** इससे अलग एक बात और है कि ये है कि इन हितग्राही मूलक योजनाओं के अलावा कुछ अन्य योजनाओं पर भी सरकार सब्सिडी देती है। जैसे उद्योगों को बिजली में सब्सिडी तथा अन्य छूट शामिल है, सोलर के लिए भी सब्सिडी दी जाती है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जैसे राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, सुखद सहारा, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री पेंशन योजना में राशि दी जाती है। यह कुल मिलाकर राशि कम से कम अनुमानतः तीन से पांच हजार करोड़ के करीब राशि भी सरकार के खजाने से जाती है।

हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, कहा-इसमें कोई सार्वजनिक हित नहीं

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक, सीआईसी का आदेश रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक डिग्री से संबंधित जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने इसे 'व्यक्तिगत जानकारी' करार देते हुए कहा कि इसमें कोई स्पष्ट या जनहित निहित नहीं है, जिससे इसे सार्वजनिक किया जाए। हाईकोर्ट ने एक अन्य मामले में स्मृति ईरानी को भी बड़ी राहत दी है।*

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा, कुछ ऐसा जो जनता की जिज्ञासा का विषय हो और कुछ ऐसा जो जनता के हित में हो ये दोनों बिल्कुल अलग बातें हैं। नीरज नामक एक व्यक्ति द्वारा सूचना का अधिकार आवेदन के बाद, सीआईसी ने 1978 में बीए (कला स्नातक) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की 21 दिसंबर, 2016 को अनुमति दे दी थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा वर्ष 1978 में ही उत्तीर्ण की थी। उच्च न्यायालय ने हालांकि सीआईसी के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी। सोमवार को आए फैसले में यह पाया गया कि आरटीआई आवेदन के तहत मांगी गई जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं है। साथ ही इसमें कहा गया कि शैक्षिक योग्यता कोई ऐसी वैधानिक आवश्यकता ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आरटीआई से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनाया फैसला
- प्रधानमंत्री मोदी ने 1978 में हासिल की थी बैचलर की डिग्री



**डीयू की दलील :** डीयू ने सीआईसी के आदेश को इस आधार पर चुनौती दी कि उसने छात्रों की जानकारी को न्यासिक क्षमता में रखा है और जिज्ञासा के आधार पर आरटीआई के तहत निजी जानकारी मांगने का अधिकार नहीं है।

**कांग्रेस का सवाल, क्यों रखा गया है गुप्त**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, यह समझ से परे है कि वर्तमान प्रधानमंत्री की शैक्षणिक योग्यता का विवरण पूरी तरह गुप्त क्यों रखा गया है, जबकि बाकी सभी के विवरण हमेशा से सार्वजनिक रहे हैं और आज भी हैं।

**कैसे पकड़ा तूल?**

साल 2016 में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से उनकी शैक्षणिक डिग्रियों को सार्वजनिक करने के लिए कहा था। पीएम ने अपने चुनावी हलफनामे में कहा था कि उन्होंने वर्ष 1978 में डीयू से बीए (राजनीति विज्ञान) में स्नातक किया।

**इधर, स्मृति को मिली बड़ी राहत**

### 10-12वीं की परीक्षा की जांच के आदेश खारिज



दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएम मोदी के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से जुड़े सर्टिफिकेट मामले में अहम फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने सीबीएसई को आरटीआई के तहत यह जानकारी देने का निर्देश देने वाले उस आदेश को खारिज कर दिया कि स्मृति ईरानी ने साल 1991 और 1993 में 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं पास की थीं या नहीं। जस्टिस सचिन दत्ता ने फैसला सुनाते हुए कहा कि विवादित आदेश में केंद्रीय सूचना आयोग का पूरा दृष्टिकोण ही पूरी तरह से गलत था. हाईकोर्ट ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आज से बदलेगा हाईकोर्ट का रोस्टर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नया सप्लीमेंट्री रोस्टर जारी कर दिया है। यह आदेश 26 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। नए रोस्टर के तहत डिवीजन बेंच – II की जिम्मेदारी अब जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल को सौंपी गई है। वहीं, स्पेशल बेंच का कार्यभार स्वयं मुख्य न्यायाधीश (चीफ जस्टिस) संभालेंगे। इसके अलावा सिंगल बेंच – III की जिम्मेदारी जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू को दी गई है। साथ ही जस्टिस सचिन सिंह राजपूत और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल को भी अलग-अलग मामलों की सुनवाई का दायित्व सौंपा गया है।

# बीजापुर के नेलगोंडा घाट में पलटी नाव, तेज बहाव में बह गईं दो छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

- इंद्रावती नदी पार कर रहीं थीं तभी तेज बहाव में पलटी नाव
- पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के इन्द्रावती नदी स्थित नेलगोंडा घाट पर नदी पार करते समय नाव पलटने से दो छात्राएं डूबकर लापता हो गईं। दोनों बालिकाएं नाव के जरिए नदी पार कर रही थी कि अचानक संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई और तेज बहाव में बह गईं।

घटना की जानकारी स्थानीय लोगों से मिलते ही पुलिस व प्रशासन की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर लापता ▶▶|शेष पेज 6 पर



**सुबह फिर चालू करेंगे तलाशी अभियान**

एसडीएम ने बताया कि देर शाम तक दोनों छात्राओं अब पता नहीं लग सका है। अंधेरा होने से तलाशी अभियान बंद कर दिया गया है। सुबह पुनः तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा।




**देशभर में कम होगा करों का बोझ**

## नवरात्रि से लागू हो सकती हैं जीएसटी की नई दरें

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद 22 सितंबर तक नए जीएसटी कर स्लैब लागू कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाने की घोषणा की थी, जिससे देश भर में टैक्स का बोझ कम होगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि नए जीएसटी दरें 22 सितंबर यानी नवरात्रि के त्योहारों के साथ लागू होने की संभावना है। पीएम मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लाएगी, जिससे आम आदमी पर कर का बोझ कम होगा। यह आपके लिए दिवाली का तोहफा होगा। केंद्र के अलावा ▶▶|शेष पेज 6 पर

**नई याचिका के लिए छूट**

## शराब घोटाला, चैतन्य की याचिका हाईकोर्ट से खारिज



- ईडी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को दी गई थी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की याचिका खारिज कर दी है। चैतन्य ने शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की कार्रवाई को चुनौती दी थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने चैतन्य बघेल को ईओडब्ल्यू की एफआईआर के मामले में नई याचिका दायर करने की छूट दी है। कोर्ट ने कहा है कि चैतन्य ▶▶|शेष पेज 6 पर

**चैतन्य को 16.70 करोड़ रुपए मिले**

ज्ञात हो कि चैतन्य को कस्टोडियल रिमांड खत्म होने के बाद 23 अगस्त को कोर्ट में पेश किया गया था। रायपुर की स्पेशल कोर्ट ने उन्हें फिर से 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। चैतन्य बघेल 6 सितंबर तक रायपुर जेल में रहेंगे। इसके पहले ईडी ने कस्टोडियल रिमांड के दौरान ▶▶|शेष पेज 6 पर

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर किया दावा**

# मैंने भारत-पाक के बीच परमाणु युद्ध होने से रोका, वॉर में गिरे 7 लड़ाकू विमान

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा है कि मैं 'तानाशाह' नहीं बल्कि एक 'बहुत समझदार' शख्स हूं। ट्रंप ने दावा किया कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच एक परमाणु युद्ध को होने से रोका था। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी का सफल ऑपरेशन किया था। इन बयानों के जरिए उन्होंने अपनी नीतियों और फैसलों को सही ठहराया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच जंग 'अगले स्तर' पर पहुंच गई थी। यह जंग परमाणु युद्ध का रूप ले सकती थी। इस दौरान सात जेट विमानों को मार गिराया गया था और उनके पास इसे रोकने के लिए कुछ ही घंटे थे। मैंने इस जंग को रोक दिया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह परमाणु निरस्त्रीकरण चाहते हैं और उन्होंने ▶▶|शेष पेज 6 पर

**टैरिफ की ताकत और ईरान पर बमबारी...**

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकाने पर बमबारी एक 'दोषरहित ऑपरेशन' था। इस ऑपरेशन में 52 टैंकर और कई एफ-22 और बी-2 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल हुआ था। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने टैरिफ के जरिए युद्धों को रोका। उन्होंने कहा कि टैरिफ की ताकत को कोई नहीं जानता था। इस नीति से खरबों डॉलर का रेवेन्यू आ रहा है।

**यूक्रेन जंग और नाटो से संबंध**

रूस-यूक्रेन जंग पर ट्रंप ने कहा, अमेरिका अब यूक्रेन पर कोई पैसा खर्च नहीं करता है। हम नाटो से निपटते हैं, यूक्रेन से नहीं। हम युद्ध को खत्म करना चाहते हैं और इस संबंध में व्लादिमीर पुतिन से बात भी की है। रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना मेरे लिए सबसे आसान था, लेकिन यह अब जटिल होता जा रहा है।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25




# तीजा पर्व



## सभी माताओं- बहनों और प्रदेश वासियों को तीजा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

### महतारी वंदन योजना
69.19 लाख से अधिक महिलाओं को ₹11,728 करोड़ की सहायता

### सखी वन स्टॉप सेंटर
SOP लागू करने वाला पहला राज्य, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी मदद

### यूनिटी मॉल
महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय हेतु मिलेगा व्यापक बाज़ार

### मानदेय सीधे बैंक खातों में
आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब सीधे बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता

### महतारी सदन
ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सभी ग्राम पंचायतों में उद्यम-व्यवसाय केंद्र की स्थापना

### छत्तीसगढ़ महिला कोष
महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण

### सक्षम योजना
विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं को स्वावलंबन के लिए सहयोग

### लखपति दीदी योजना
प्रत्येक जिले में 35,000 महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना

### बिहान योजना
इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के माध्यम से संगठित करना, वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराना और उन्हें सशक्त बनाना है

### मिनीमाता महतारी जतन योजना
पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव के बाद ₹20,000 की आर्थिक सहायता

### मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना
18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु सहायता

## सुशासन से समृद्धि की ओर



**सशक्त महिलाएं** **समृद्ध छत्तीसगढ़**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

बिलासपुर
मंगलवार, 26 अगस्त 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया
वर्ष : 25, अंक : 153
पृष्ठ : 10+6+8 = 24 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 30.0
न्यून. 25.2

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 सीएएफए नेशन्स कप: कोच जमील ...



विचार पेज
2 ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

# कलेक्टर ने एसपी से मांगी सुरक्षा, उनकी लिखी चिट्ठी की राज्यभर में चर्चा, सियासी चटखारे भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कवर्धा के कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा अपने ही जिले के एसपी को लिखा गया एक पत्र राज्य में चर्चा का विषय बन गया है। दरअसल, कलेक्टर ने एसपी को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है। यही नहीं, पत्र में उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए अपने निवास के आसपास 20-25 लोगों द्वारा धरना दिए जाने को सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ा है। हालांकि कलेक्टर का ये भी कहना है ये कि ये एक सामान्य रूटीन पत्र व्यवहार है। इधर, इस चिट्ठी की चर्चा के साथ विपक्षी नेताओं ने सियासी सवाल भी खड़े किए हैं।


अलग खबर

## पत्र जारी कर पुलिस अधीक्षक से मांगी सुरक्षा, एसपी ने कहा- सुरक्षा दी गई है

### गंभीर सवाल

माना जा रहा है कि जिला कलेक्टर द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा की सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रशासनिक अधिकारियों के निवास की सुरक्षा को लेकर इस तरह की चिंता जाहिर करते हुए उनकी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखना जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।





### दी गई है सुरक्षा

जिला कलेक्टर और उनके निवास को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई है।
- धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम

### रूटीन पत्र व्यवहार है

कलेक्टर कार्यालय की ओर से किया जाने वाला यह एक रूटीन पत्र व्यवहार है। सुरक्षा को लेकर कोई विषय नहीं है।
- गोपाल वर्मा, कलेक्टर कबीरधाम

18 अगस्त को कलेक्टर कार्यालय कवर्धा द्वारा जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा का हस्ताक्षर युक्त एक पत्र जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है गत 19 मई 2024 को रात्रि के समय लगभग 25-30 व्यक्तियों का समूह कलेक्टर निवास के पास एकत्रित हुआ था। इसी प्रकार हाल ही में 15 अगस्त 2025 को रात्रि 1.30 बजे 20-25 व्यक्तियों के समूह द्वारा कलेक्टर निवास के पास आकर धरना दिया गया था। पत्र में यह भी कहा गया है कि कलेक्टर निवास के पास ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा पुलिस अधीक्षक का भी निवास स्थान है। ऐसी स्थिति में रात्रि 1.30 बजे 20-25 व्यक्तियों के समूह का शहर में घूमना एवं कलेक्टर निवास के पास जाकर धरना देना अत्यंत ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सीएम की सुरक्षा से सीआरपीएफ को हटाया



**नई दिल्ली।** केंद्र ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई सीआरपीएफ की 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। उनकी सुरक्षा का जिम्मा फिर से दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री गुप्ता (51) पर 20 अगस्त की सुबह सिविल लाइंस इलाके में उनके कार्यालय में 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला किया था।

### रेल पटरी पर स्कूल वैन पलटने से कई छात्र घायल

**कुड्डालोर/चेन्नई।** जिले के विरुधाचलम तालुक के पूवनूर गांव में सोमवार को रेलवे पटरी पार करते समय एक स्कूल वैन के पलट जाने से उसमें सवार करीब आठ छात्र घायल हो गए। दक्षिण रेलवे ने इस दुर्घटना के लिए निजी स्कूल वैन चालक की 'लापरवाही' को जिम्मेदार ठहराया। बच्चों को मामूली चोटें आयीं और रेलवे कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की।

### न्यायमूर्ति अराधे और पंचोली के नामों की सिफारिश




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मुंबई उच्च न्यायालय के आलोक अराधे और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली के पदोन्नति सिफारिश की। यदि केंद्र मंजूरी दे देता है, तो न्यायमूर्ति पंचोली प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे।

### एलओसी के पास ड्रोन तलाश अभियान जारी

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास कई अग्रिम इलाकों में पाकिस्तान से आए कम से कम छह ड्रोन मंडराते देखे गए। इसके बाद सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान शुरू किया है। रविवार रात 9.15 बजे मेंढर सेक्टर के बालाकोट, लांगोटे और गुरसाई नाले के ऊपर सीमा पार से ड्रोनों की गतिविधि देखी गई। ऐसी आशंका है कि ये ड्रोन निगरानी के लिए छोड़े गए।

### हवाई अड्डों पर एक समान शुल्क की तैयारी



**नई दिल्ली।** नियामक एईआरए प्रमुख हवाई अड्डों के लिए एक समान, संतुलित और शुल्क आधारित प्रदर्शन मानक ढांचा लागू करने की योजना बना रहा है। इसके तहत बेहतर सेवाओं के लिए प्रोत्साहन के साथ ही हवाई अड्डा संचालकों के अनुपालन न करने पर कटौती भी की जाएगी।

## पीएम-सीएम की बर्खास्तगी वाले बिल पर गृहमंत्री ने विपक्ष पर कसा तंज

# विपक्ष की कोशिश यही है कि वे कभी जेल जाएं तो वहीं से सरकार चला सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*संसद में पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पर जारी विवाद के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। गृहमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज भी विपक्ष की कोशिश यही है कि अगर वे कभी जेल जाएं तो वहीं से सरकार चला सकें। उन्होंने विपक्ष की मंशा पर बात करते हुए कहा कि वे चाहते हैं, जेल को ही सीएम हाउस, पीएम हाउस बना दिया जाए और जेल से ही डीजीपी, चीफ सेक्रेटरी, कैबिनेट सेक्रेटरी या होम सेक्रेटरी को आदेश दिए जाए।*

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद के मानसून सत्र में यह बिल पेश हुआ, लेकिन विपक्ष ने इसे ब्लैक बिल कहते हुए भारी हंगामा किया। कांग्रेस और अन्य दलों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एजेंसियों के जरिए गैर-भाजपा नेताओं को फंसा कर सरकारें गिराना चाहती है। शाह ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, क्या कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जेल से देश चला सकता है? क्या यह लोकतंत्र की गरिमा के अनुकूल है?

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद अपने पद को भी इस प्रावधान के दायरे में लाने पर जोर दिया है। इंदिरा गांधी ने 39वां संशोधन लाकर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम को न्यायिक समीक्षा से बचाया था। मोदी जी ने इसके उलट खुद पर भी कानून लागू किया है। शाह ने विपक्ष पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मनमोहन सिंह सरकार ने दोषी सांसदों को बचाने के लिए अध्यादेश लाया था, जिसे राहुल गांधी ने फाड़ा था। अब वही कांग्रेस दोषियों के साथ सरकार बना रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अदालतें इस कानून के दुरुपयोग पर अंकुश रखेंगी। अगर किसी को 30 दिन में जमानत नहीं मिलती तो इसका मतलब है मामला गंभीर है। अदालतें खुद तय करेंगी कि जमानत होनी चाहिए या नहीं।

### अदालत तय करेगी जमानत मिले या नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, हमारी अदालतें कानून की गंभीरता को समझती हैं। जब 30 दिन बाद इस्तीफा देना हो, तो उससे पहले अदालत यह तय करेगी कि व्यक्ति को जमानत मिलनी चाहिए या नहीं। जब अरविंद केजरीवाल का मामला हाईकोर्ट में गया, तो कहा गया कि नैतिक आधार पर उन्हें इस्तीफा देना चाहिए, लेकिन मौजूदा कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। मेरी पार्टी और देश के प्रधानमंत्री का मानना है कि कोई मुख्यमंत्री, मंत्री या प्रधानमंत्री जेल में रहकर सरकार नहीं चला सकता, जब संविधान बनाया गया था, तब संविधान निर्माताओं ने ऐसी बेशर्मी की कल्पना नहीं की होगी कि कोई मुख्यमंत्री जेल में रहे और जेल से ही मुख्यमंत्री बने रहे।



**शाह ने कहा-**
- क्या कोई प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री जेल से देश चला सकता है?
- क्या यह लोकतंत्र की गरिमा के अनुकूल है?
- प्रधानमंत्री मोदी ने खुद अपने पद को भी इस प्रावधान के दायरे में लाने पर जोर दिया

### केजरीवाल को दे देना था इस्तीफा

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए शाह ने कहा, उन्हें 30 दिन के अंदर जमानत मिल गई थी। मेरा मानना है कि उन्हें उस वक्त इस्तीफा दे देना चाहिए था। जब लोगों ने उनका विरोध किया, तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अब उन्हें कानूनन इस्तीफा देना होगा। शाह ने यह भी साफ किया कि बिल निष्पक्ष है। अगर कोई नेता 30 दिन बाद भी जमानत हासिल कर लेता है, तो वह शपथ लेकर अपने पद पर वापस आ सकता है।

### स्वास्थ्य कारणों से धनखड़ ने दिया इस्तीफा

शाह ने आलोचनाओं पर जवाब दिया और स्पष्ट किया है कि जगदीप धनखड़ संवैधानिक पद पर थे और उन्होंने अच्छा काम भी किया। उन्होंने कहा कि जहां तक इस्तीफे का सवाल है तो उन्होंने निजी स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है। गृहमंत्री ने कहा, धनखड़ जी संवैधानिक पद पर बैठे थे और अपने कार्यकाल में उन्होंने संविधान के अनुसार अच्छा काम किया। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया है। इसे ज्यादा खींचकर किसी और दिशा में देखने की जरूरत नहीं है।

### हम तो विपक्ष को मौका दे रहे : शाह

तृणमूल कांग्रेसके जेपीसी का बहिष्कार करने पर शाह ने कहा कि सरकार ने उन्हें शामिल होने का पूरा मौका दिया है। उन्होंने कहा, हम क्या कर सकते हैं? हम उन्हें शामिल होने और हिस्सा लेने के लिए कह रहे हैं। संसद के नियमों को ठुकराकर यह उम्मीद करना ठीक नहीं कि सब कुछ उनकी शर्तों पर होगा। सरकार उन्हें मौका दे रही है, लेकिन अगर वे इसे स्वीकार नहीं करते, तो हम और क्या कर सकते हैं? अगर वे जेपीसी में शामिल नहीं होते, तो हम क्या करें? शाह ने जोर देकर कहा कि जेपीसी अहम है और इसमें सभी दलों की राय शामिल होनी चाहिए। शाह ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण बिल है और जेपीसी में हर दल की राय सुनी जानी चाहिए। अगर विपक्ष अगले चार साल तक इस बिल का समर्थन नहीं करता, तो क्या देश का काम रुक जाएगा? ऐसा नहीं होगा। हम उन्हें अपनी राय देने का मौका दे रहे हैं और अगर वे ऐसा नहीं करते, तो जनता सब देख रही है।

**बचाने का प्रयास करने वाला पिता लापता**

## मरही माता के दर्शन कर लौट रहे 3 बच्चों की नाले में बहने से मौत

*नाला पार करते समय अचानक पानी की धार तेज हुई*

*देर रात बरामद किए गए बच्चों के शव*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

भनवारटंक मरही माता का दर्शन कर लौट रहे तीन बच्चे नाला पार करते समय अचानक पानी की धार तेज होने से बह गए, उन्हें बचाने का प्रयास कर रहा एक बच्ची का पिता भी तेज धार की चपेट में आकर लापता हो गया। देर रात तीनों बच्चों को शव नाले से बरामद कर लिया गया था, वहीं बहने वाले चौथे व्यक्ति की तलाश की जा रही थी।

बेलगहना चौकी प्रभारी राज सिंह ने बताया कि सोमवार को बलौदाबाजार व बिलासपुर से करीब 30 से 40 लोग बस से बेलगहना भनवारटंक मरही माता देवी का दर्शन करने गए थे। नाला के पास के बस खड़े कर सभी दर्शन करने मंदिर चले गए। पूजा अर्चना करने के बाद शाम 6.30 बजे सभी पैदल नीचे उतरकर नाला पार कर रहे थे। अधिकांश लोगों ने नाला पार कर लिया था, इसी दौरान अचानक नाला में पानी का बहाव तेज हो गया और सकरी परसदा निवासी बलराम ध्रुव पिता कमल ध्रुव 45 साल की बेटी मुस्कान ध्रुव 13 साल व उनके रिश्तेदार मितान ध्रुव पिता राजा ध्रुव 5 साल भाठापारा, गौरी ध्रुव पिता सुरेश ध्रुव 13 साल तेज बहाव के चपेट में आकर बहने लगे। उनकी चीख सुनकर बलराम ध्रुव ने बेटी व अन्य बच्चों को बचाने के लिए नाला में छलांग लगा दी। पानी का बहाव इतना तेज हो गया था कि वे भी नाले में बह गए। चार लोगों के नाला में बहने से परिवार व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजन व ग्रामीणों के मदद से रात 9.30 बजे तक मुस्कान ध्रुव, मितान ध्रुव, गौरी ध्रुव ▶▶|शेष पेज 6पर

**कहीं भूस्खलन तो कहीं जलभराव**

## पहाड़ों से मैदानों तक बारिश-बाढ़ से तबाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम से लेकर उत्तर तक बाढ़-बारिश से तबाही का मंजर है। कहीं लैंडस्लाइड, कहीं जलभराव तो कहीं सड़कें तालाब बनी हुई हैं। हिमाचल में भारी बारिश की वजह से पिछले 24 घंटों में 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 2 नेशनल हाइवे समेत 482 सड़कें बंद हैं। इस बीच उत्तराखंड मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसे लेकर चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर, नैनीताल में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। उत्तरी ओडिशा के बालासोर, भद्रक और जाजपुर जिलों के बड़े इलाके, नदियों आई उफान के कारण जलमग्न हो गए हैं।



### नगालैंड में भूस्खलन

नगालैंड की राजधानी कोहिमा और वोखा शहर के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर सोमवार को हुए भीषण भूस्खलन के कारण इस व्यस्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के कारण राजमार्ग पर बड़े-बड़े पत्थर गिर गए।

### धराली और थराली में बचाव अभियान

*उत्तराखंड के अनेक स्थानों पर सोमवार को भी बारिश होती रही जबकि प्रदेश में धराली और थराली सहित अन्य आपदाग्रस्त जगहों पर राहत एवं बचाव अभियान जारी रहा। हालांकि, थराली में एक व्यक्ति और धराली में 68 व्यक्ति अब भी लापता हैं।*

## जापानी साझेदारों से सीएम साय ने कहा- वे छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में भागीदार बनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान ओसाका में आयोजित प्रतिष्ठित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों, प्रतिभाशाली मानवबल और उद्योग-अनुकूल नीतियों का सशक्त संगम है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत और जापान विश्वास एवं साझा मूल्यों की गहरी डोर से जुड़े हैं। उन्होंने जापानी साझेदारों से आह्वान किया कि वे नवाचार, अवसर और साझा समृद्धि से आगे बढ़ रही छत्तीसगढ़ की विकास ▶▶|शेष पेज 6 पर

**ओसाका इन्वेस्टर कनेक्ट**
- छत्तीसगढ़ ने जीता निवेशकों का भरोसा





### वर्कफोर्स एक्सचेंज के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा


बिजनेस-टू-गवर्नमेंट बैठकों के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने मोराबु हंशिन कंपनी के प्रेसिडेंट एवं रिप्रेजेंटेटिव डायरेक्टर नाओयुकी शिमाडा से भी भेंट की। यह कंपनी कुशल ▶▶|शेष पेज 6 पर

**कालाबाजारी, संयुक्त टीम ने मारा छापा**

## दुकान में यूरिया नहीं का बोर्ड, भीतर स्टॉक पैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा में यूरिया की कालाबाजारी चरम पर है। आलम यह है कि समितियों के बदले यूरिया सीधे निजी दुकानों में उतर रहा है और मिनटों में गायब भी हो जा रहा है जबकि ग्रामीण यूरिया के लिए भटक रहे हैं। इस बात का खुलासा सोमवार को कृषि विभाग और जिला प्रशासन की कार्रवाई से हुआ है। संयुक्त टीम ने दुकान में छापा मार कर 37 बोरी यूरिया जब्त किया है। गौर करने वाली बात ▶▶|शेष पेज 6 पर



### 1 हजार से 12 सौ में बिक रहा यूरिया

बताया जा रहा है कि सोमवार को दुकान में सुबह 6 बजे और दोपहर 11 बजे एक-एक ट्रक यूरिया पहुंचा था और मौके पर ही पिकअप व अन्य वाहनों की मदद से यूरिया को दूसरी जगह भेज दिया गया जबकि नियम के अनुसार यूरिया के स्टाक की पीओएस मशीन में एंट्री करनी होती है। एक तरह ▶▶|शेष पेज 6 पर

**कल से 50 फीसदी ट्रंप टैरिफ को लेकर बोले रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार**

# जहां कहीं से भी हमें 'बेस्ट डील', हम वहां से तेल खरीदेंगे

**नई दिल्ली।** भारत पर कल यानी बुधवार से पूरी तरह से लागू होने वाले अमेरिका के 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के बीच घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गहमागहमी तेज हो गई है। जिसमें एक ओर रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार का दिया एक ताजा बयान संचार माध्यमों पर जबरदस्त वायरल हो रहा है। जिसका सार ये है कि 'दुनिया में जहां कहीं से भी भारतीय कंपनियों को तेल के संबंध में बेहतरीन सौदा (बेस्ट डील) मिलेगा, वो वहां से लगातार तेल की खरीद करेंगी'। नई दिल्ली अपने राष्ट्रीय हितों और 140 करोड़ देशवासियों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी। इन सबके बीच टैरिफ के भारतीय निर्यातकों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा के लिए 26 अगस्त को केंद्र सरकार द्वारा एक उच्च-स्तरीय बैठक भी बुलाई गई है।

### बाजार में स्थिरता लाती भारत की खरीद

विनय कुमार ने ये भी कहा कि व्यापार मुख्य रूप से व्यापारिक आधार पर निर्भर करता है। जिसमें स्वदेशी कंपनियों को जहां बेहतरीन मौका मिलेगा। वो वहां से अपना व्यापार करेंगी। वर्तमान स्थिति में हमने साफ किया है कि हमारा उद्देश्य 1.4 बिलियन लोगों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति और उसके साथ-साथ रूस और कुछ अन्य देशों के साथ हमारे सहयोग से जुड़ा हुआ है। जो कि तेल बाजार खासकर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में स्थिरता लाने में मददगार है।





अमेरिकी उप-राष्ट्रपति बोले, भारत पर दंडात्मक टैरिफ लगाकर रूस के बढ़ते तेल व्यापार राजस्व पर गहरी चोट पहुंचाना चाहते हैं ट्रंप। जिससे रूस, यूक्रेन युद्ध रोकने पर मजबूर हो जाए।

### रूस से अमेरिका भी कर रहा व्यापार

भारत के राजदूत ने वाशिंगटन के निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत की सरकार अपने देश की आम जनता के हितों (राष्ट्रीय) की रक्षा करेगी। वहीं, हमारी अब तक ऊर्जा की खरीद जिसमें रूस से जारी तेल खरीद भी शामिल है। वो पूरी तरह से राष्ट्रीय हितों और बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है। कुमार ने स्पष्ट किया कि भारत और रूस का व्यापार आपसी हितों, बाजार कारकों के तहत किया जाता है। जिसका अंततः उद्देश्य अपने लोगों की ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित करना है।

## चिंतन

# साल दर साल आने वाली बाढ़ का जिम्मेदार कौन

भारत न केवल सांस्कृतिक विविधताओं का देश है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भरा भी है। यहां हर साल बाढ़ से भारी आर्थिक नुकसान होता है। सैकड़ों लोगों की बाढ़ की चपेट आकर मौत हो जाती है। हर साल हर राज्य में बाढ़ बचाव के नाम पर अरबों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन बरसात आते ही सारे इंतजाम धरे के धरे रहे जाते हैं। बाढ़ की वजह से लाखों, करोड़ों नहीं बल्कि अरबों की संपत्ति का नुकसान हर साल होता है। लाखों की संख्या में लोग बेघर हो जाते हैं। हर साल बाढ़ के चलते बड़े पैमाने पर किसान तबाह होते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बाढ़ के चलते हर दशक लगभग 567 खरब रुपये का नुकसान होता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 1978 में बाढ़ से बचाव के लिए 1727.12 करोड़ रुपये की परियोजना बनाई थी। वहीं, यह 2019 में बढ़कर 13238.36 करोड़ रुपये का हो गया। जबकि 2024 में यह बजट 11500 करोड़ रुपये था। वर्ष 2024 में संसद में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री ने राज्यसभा में बताया कि 1953-2017 तक बारिश और बाढ़ की वजह से देश को 3,65,860 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और 1,07,487 लाख लोग बाढ़ और बारिश की वजह से मारे गए। मतलब हर साल 5628.62 करोड़ रुपये का आर्थिक और 1700 लोग की मौत का नुकसान उठाने को हम भारतीय अभिशप्त हैं, लेकिन बाढ़ है कि साल दर साल विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसी साल अब तक मानसून के मौसम में हजारों लोग बाढ़ या बादल फटने के कारण जान गंवा चुके हैं। राजस्थान के कई इलाकों में पिछले 2 दिन से भारी बारिश हो रही है। जयपुर, सीकर के कई इलाकों में पानी भर गया है। सीकर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक डूब गया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर 23 अगस्त से पानी भरा हुआ है। खेरवाड़ा-झाड़ोल मार्ग सोम नदी का पानी आने से बंद है। सवाई माधोपुर में बारिश के बाद करीब 50 फीट जमीन धंस गई है। उतरप्रदेश में बारिश से चंदौली में घाघरा नदी पर बना मुसाहिबपुर बांध अचानक टूट गया। इसका पानी 5 गांवों में घुस गया है। उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं, झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ के हालात हैं। हिमाचल, उतराखंड़ में बार-बार बादल फटने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इकोनॉमिक लॉसेज, पॉवर्टी एंड डिजास्टर 1998-2017 नाम से जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाढ़ और सूखा ये ऐसी प्राकृतिक आपदा हैं जो एक बड़ी आबादी को गरीबी की ओर धकेलती हैं। ऐसा नहीं है कि इसके लिए केवल केंद्र या राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। आप और हम भी बाढ़ और जलभराव के लिए जिम्मेदार हैं। हम लोगों ने अपनी सुविधा के लिए जल संचय के संसाधनों को पाट दिया है। तालाब और झीलें बीते जमाने की कहानियां बनकर रह गई हैं। बढ़ती आबादी और आधुनिकता की दौड़ में हम भूल गए कि मानसून में जो पानी बरसेगा, वो जाएगा कहां। पहले हर गांव में एक बड़ा तालाब होता था। जहां बरसात का पानी न केवल संचित होता था बल्कि सालभर खेती व अन्य जरूरतों में उपयोग भी किया जाता था। हमें एक बार फिर उसी ओर मुड़ने की जरूरत है तभी हम बाढ़ जैसी आपदाओं से कुछ हद तक निपट सकते हैं।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# ब्याज दरों में कटौती का वैश्विक प्रभाव

**अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा है कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।**

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने 22 अगस्त को फेडरल रिजर्व की सालाना सभा में कहा कि फेडरल रिजर्व के सितंबर महीने की 16-17 तारीख को होने वाली प्रस्तावित बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। श्री पावेल के अनुसार अमेरिका में रोजगार संकट का दौर चल रहा है। हाल के महीनों में कामगारों की मांग और आपूर्ति दोनों में उल्लेखनीय कमी आई है। खास करके जुलाई महीने में पिछले महीनों की तुलना में रोजगार में वृद्धि पहले की तुलना में काफी कम हुई है। साथ ही, आगामी महीनों में भी कामगारों की छंटनी की संभावना बनी हुई है। पावेल के मुताबिक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति से अमेरिका में महंगाई बढ़ने का अंदेशा बढ़ा है, क्योंकि कई आवश्यक उत्पादों का निर्यात भारत समेत कई दूसरे देश अमेरिका को करते हैं, लेकिन टैरिफ से उनकी कीमत में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

पॉवेल ने यह भी कहा कि टैरिफ का असर अब उपभोक्ता कीमतों पर साफ-साफ़ परिलक्षित हो रहा है, लेकिन यह प्रभाव ज्यादा समय तक बना नहीं रहेगा। हालांकि,उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ से महंगाई डायन का प्रकोप लंबे समय तक बना रह सकता है। न्यूज एजेंसी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भी अमेरिका में रोजगार एवं महंगाई जनित जोखिमों को नियंत्रित करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण नीतिगत ब्याजों दरों में कटौती की जरूरत महसूस की जा रही है। वैसे, निवेशकों को पहले से उम्मीद थी कि फेडरल रिजर्व सितम्बर में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है, लेकिन पावेल के ताजा बयान से यह लगभग निश्चित हो गया है कि सितम्बर में फेडरल रिजर्व नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करेगा। वैसे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में कटौती के लिए दबाव बना रहे हैं, ताकि अमेरिका विकास की धीमी गति या मंदी के दौर से बाहर निकल सके। फेडरल रिजर्व के अनुसार बेरोजगारी दर कम होने और सिर्फ महंगाई की आशंका से नीतिगत ब्याज दरों में इजाफा नहीं किया जाएगा, लेकिन अगर कामगारों की छंटनी होगी या अन्य कारणों से महंगाई बढ़ेगी तब निश्चित रूप से ब्याज दरों को बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। पॉवेल ने 2 प्रतिशत महंगाई लक्ष्य को बनाए रखने पर जोर दिया है। अमेरिका के फेडरल रिजर्व को दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों का अगुवा माना जाता है, जिसका सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर का दुनिया के सबसे मजबूत करेंसियों में से एक होना और सामरिक और आर्थिक दृष्टिकोण से अमेरिका का दुनिया का सबसे मजबूत देश होना है। अमूमन, फेडरल रिजर्व के नक्शे-कदम पर दुनिया भर के केंद्रीय बैंक चलते हैं। वैसे, सभी देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग होने के कारण कभी-कभी कुछ देशों के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व से इतर निर्णय लेते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाये तो भारत भी फेडरल रिजर्व द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुरूप कदम उठाता रहा है। फेडरल रिजर्व के मौजूदा रुख से माना जा रहा है कि दुनिया के प्रमुख देशों के केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दरों को यथावत रखेंगे या ब्याज दरों में कटौती करेंगे।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने 6 अगस्त की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.50% पर बरक़रार रखा,



जबकि स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.25% पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) व बैंक दर 5.75%के स्तर पर रही। राजग सरकार और रिजर्व बैंक विकास दर में तेजी लाना चाहते हैं, जिसके लिए रेपो दर को यथावत रखना या कम करना जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के 3.1% के स्तर पर रहने का अनुमान जताया, जो पिछले अनुमानों से कम है, जबकि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% पर बरकरार रखा है, यह केंद्रीय बैंक की मुद्रास्फीति प्रबंधन के प्रति सतर्क दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि मजबूत निजी खपत और सरकारी पूंजीगत व्यय की वजह से घरेलू विकास लचीला बना हुआ है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर बने कारोबारी तनाव विकास के मार्ग में अवरोध पैदा करते रहेंगे, लेकिन रिजर्व बैंक इस पर नियंत्रण रखने में कामयाब रहेगा ऐसी आशा है। अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर को कम करने के प्रस्ताव के पीछे मुख्य कारण अमेरिका में संभावित आर्थिक मंदी, कारोबारी जंग, फेडरल रिजर्व की महंगाई और रोजगार संकट के प्रति बढ़ती आशंका आदि हैं, क्योंकि अभी अमेरिका में विकास की गति धीमी है और इसमें तेजी लाने के लिए नीतिगत ब्याज दरों को कम करना जरूरी है। माना जा रहा है कि ब्याज दरों में कटौती से उधारी का उठाव बढ़ेगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

अमेरिका की तरह चीन में भी उत्पादन, खपत आदि मापदंडों की वृद्धि गति अपेक्षा से अधिक धीमी है। वहां, जीडीपी वृद्धि वर्ष 2024 में 5% रही थी, जबकि वर्ष 2025 में इसके 3.95% रहने की संभावना है। चीन में जुलाई महीने में मुद्रास्फीति 0 प्रतिशत रही, जो सितम्बर 2022 में 2.8 प्रतिशत रही थी, जबकि वर्ष 2024 में वहां औसत वार्षिक मुद्रास्फीति 2.8 प्रतिशत रही। विकास दर में तेजी लाने के लिए चीन का केंद्रीय बैंक, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने उधारी दरों में हाल में कटौती की है, ताकि विकास की गति में तेजी आये। चीन सुशासन की समस्या से भी जूझ रहा है, जिसके कारण विदेशी निवेशक वहां निवेश करने से परहेज कर रहे हैं और कुछ निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं। सांख्यिकी कार्यालय यूरोस्टेट के जुलाई के आंकड़ों के अनुसार यूरोपीय संघ में 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 1.0% रही थी, जबकि 2023 में यह 0.7% रही थी, वहीं, 2025 में यूरो जोन में महंगाई दर 2.0% रही थी। यूरोपीय संघ में यह 2.3% रही थी। यूनाइटेड किंगडम (यूके) में मुद्रास्फीति दर जुलाई 2025 में 3.8% रही, जबकि जून 2025 में यह 3.6% रही थी। वहीं, वहां विकास दर 2025 की दूसरी तिमाही में 0.3% रही, जबकि 2025 की पहली तिमाही में यह 0.7% रही थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ने वर्ष 2025 के लिए वैश्विक आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कम करके 2.8% कर दिया है, जबकि वर्ष 2026 के दौरान इसके 3.0% रहने का अनुमान जताया गया है। वर्ष 2025 में अमेरिका में 1.8% की दर से वृद्धि होने का अनुमान है, जो अपेक्षा से बहुत कम है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में भी कमी आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में ऐसे देशों में विकास दर 3.7% रह सकती है, जो वैश्विक औसत 2.8% से अधिक है। कहा जा सकता है कि आज भी कुछ अपवादों को छोड़कर दुनिया के सभी देश फेडरल रिजर्व की नीतियों का अनुसरण करते हैं। भारत को छोड़कर दुनिया के सभी प्रमुख देशों की विकास दर धीमी है। कई देश मुद्रास्फीति और रोजगार के संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में विकास की गति को तेज करने के लिए अमेरिका सहित दुनियाभर के केंद्रीय बैंक आने वाले महीनों में नीतिगत दरों में कटौती कर सकते हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## विमर्श

सपना बंसल



# शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बदलाव की जरूरत

वर्तमान में भारत तरक्की और सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पाएंगे कि कदापि एक दौर ऐसा भी था, जब हमारे नेतृत्व कौशल पर न केवल सवाल उठाए जाते थे अपितु हिंदुस्तान पर विदेशी ताकतों का हुकूमत करना भारतीयों के नेतृत्व कौशल की कमी दर्शाता था। आज सभी भारतवासी गौरवान्वित महसूस करते हैं, जब सुर्खियों में पाते हैं कि पश्चिमी देश भारत की अगुवाई में अपना मार्गदर्शन करना चाहते हैं। संभवतः यह एक सुखद अहसास भी दिलाता है, परंतु यहां प्रश्न यह है कि क्या सड़कें, बंदरगाहों, हवाई अड्डे जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना से हम उस मुकाम को हासिल कर सकते हैं जिसके सही मायने में हम हकदार हैं। समृद्ध, सक्षम, समर्थ राष्ट्र के निर्माण में कदापि आवश्यकता है तो (ह्यूमन इंफ्रास्ट्रक्चर) कुशल शिक्षित युवाओं की। हमें आज लाखों ऐसे युवा चाहिए जिनमें सोचने-समझने की क्षमता दूरदृष्टि और एक बेहतर कल के निर्माण की क्षमता हो। मैं यहां यह नहीं कह रही कि भारत में मेधावी और होनहार छात्र नहीं हैं, इस बात में कोई संकोच नहीं है कि भारत के छात्र ही यूनिकॉर्न के संस्थापक, इन्वेंटर्स, शीर्ष वकील और सर्जन बने हैं लेकिन वह अपवाद हैं। जब सभी छात्रों की बात आती है तो चीज इतनी उजली नहीं लगती। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि आधे से अधिक भारतीय स्नातक बेरोजगार हैं। ऐसा क्यों है, यकीनन इसका अधिकांश श्रेय हमारी शिक्षण प्रणाली को जाता है क्योंकि बदलते परिवेश में परंपरागत रुढ़िवादी शिक्षण प्रणाली युवाओं के लिए कारगर साबित नहीं हो सकती। आज का युवा मोबाइल, लैपटॉप और यूट्यूब की वीडियो से पढ़ना चाहता है, किंतु यूट्यूब पर देखी हुई वीडियो बौद्धिक गहराई, एकाग्रता और संज्ञानात्मक रूप में पिछड़े रूप में होती है। इसका यह तात्पर्य यह नहीं कि हम उन्हें चौक बोर्ड पर पढ़ायें, यह आज का युवा है 'जेनरेशन जेड' जो मानसिक विकास लिए हुए ही पृथ्वी पर उत्पन्न हुआ है । जिनके लिए हमें शिक्षण के



तरीके,पाठ्यक्रम की रूपरेखा और तकनीकी को बदलना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं, जब हमारी कमाई का एक चौथाई हिस्सा नवीनतम और अच्छी शिक्षा पाने के लिए विदेशों में खर्च हो जाएगा। रिसर्च सेंटर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए 1.8 मिलियन भारतीय युवा अमेरिका, कनाडा और यूरोप पहुंच रहे हैं। निसंदेह वहां की पढ़ाई विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती होंगी, जैसा कि कनाडा में पोस्ट ग्रेजुएशन वर्क परमिट प्रोग्राम (पीजीडब्ल्यूपी) अमेरिका और यूरोप की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और बेहतरीन अनुसंधान के अवसर भारतीय युवाओं को आकर्षित करते हैं। कदापि यह विकल्प न ही समाज और उनके परिवार के हित में है और ना ही देश हित में। उच्चतर शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में भारत विश्व का सबसे बड़ा पारिस्थितिक तंत्र संभाले हुए है परंतु उसे गुणवत्ता, गुणात्मक अनुसंधान और पहुंच संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन ने जिस युवा आबादी की ताकत से आर्थिक उड़ान भरी थी, आज वो हमारे पास है। जहां 33 साल पहले (1992) चीन खड़ा था, आज हम वहीं पर हैं। चीन की आबादी में 85 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में शामिल थे। आज हमारे 52 प्रतिशत ही वर्कफोर्स का हिस्सा हैं यानी बेहतर शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग के दम पर हम 30 प्रतिशत लोग वर्कफोर्स में और जोड़ सकते हैं और भारत की अर्थव्यवस्था बुलंदियों पर पहुंचा सकते हैं। अगर कार्यशील आयु वर्ग के लोगों को समय रहते आवश्यक कौशल प्राप्त नहीं होगा, तो वे अर्थव्यवस्था के लिए उत्पादक नहीं बन पाएंगे, जिससे जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। भारत के पास दो दशक ही बाकी हैं, इस लाभांश को प्राप्त करने के लिए। इसके लिए सरकार को शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, और रोज़गार सृजन पर ज़ोर देना होगा ताकि देश के युवा कार्यबल को पूरी तरह से नियोजित किया जा सके। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी युवा आबादी को अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, जिससे वे भविष्य के कार्यबल के लिए तैयार हो सकें। सारांश रूप में हम कह सकते हैं कि वर्तमान में शिक्षण प्रणाली में ठहराव नहीं, बल्कि बदलाव की जरूरत है।

( लेखिका सहायक प्राध्यापिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
## प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राहुल और तेजस्वी पारिवारिक विरासत सम्भाल रहे

राहुल और तेजस्वी यादव का बहुत गहरा याराना है। दोनों ही नेताओं के बीच बिहार में मतदाता सूची को लेकर काफी चिंता है। तेजस्वी की राह पर राहुल चल रहे हैं। कांग्रेस-राजद गठबंधन नही है,लेकिन डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। बिहार में नया राजनीतिक प्रयोग प्रारंभ हुआ है। लेकिन ये दोनों परस्पर विरोधी गठबंधन थे। कांग्रेस का वर्चस्व 1967 में टूटा। तब गैर कांग्रेस वाद का प्रयोग प्रारंभ हुआ। उसी के राजनीतिक परिणाम है, लालू प्रसाद यादव। उस प्रयोग ने ही अनेक टेढ़े-मेडे खतरनाक रास्ते पार किए। कांग्रेस को हासिए पर पहुंचा दिया। उसे भुलाना लालू के लिए आसान नहीं है,लेकिन तेजस्वी को उसको याद भी नहीं है। उनकी पारिवारिक विरासत राहुल संभाल रहे हैं, राजनीतिक विरासत नहीं। यही बात तेजस्वी यादव पर भी लागू होती है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### विमलेंद्र का निधन दुःखद



राजसदन अयोध्या के मुखिया, राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन अत्यंत दुःखद है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य के रूप में उनका योगदान अविस्मरणीय है। प्रभु श्री राम उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### लाठीचार्ज शर्मनाक



रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज - शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- मिली क्या? लाठियां।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### यमुना नदी की सफाई



मां यमुना अब स्वच्छ होगी। अभी तक दिल्ली में विपक्ष के समर्थन वाली सरकार थी। वर्तमान दिल्ली सरकार ने हरियाणा के साथ मिलकर यमुना नदी की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। 4 माह में 16,000 मीट्रिक टन कचरा साफ किया है।

- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### अपराधी कहना अनुचित



लोग जिन्हें दिशोम गुरु कहते हैं, वह कई गंभीर आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में बंद रहे। सूर्या हांसदा पर भी अनेक मामलों में आरोप लगे। झामुमो द्वारा उन्हें अपराधी कहना अनुचित है। किसी को अपराधी घोषित करने का अधिकार केवल न्यायालय के पास है, जनप्रतिनिधियों के पास नहीं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# चीन ने शिपकी-ला के रास्ते व्यापार पर सहमति जताई

चीन ने अपने विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में शिपकी-ला के रास्ते व्यापार फिर से शुरू करने के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।



हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह व्यापार कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में स्थगित कर दिया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्य सरकार को बताया कि भारत सरकार ने तीनों बिंदुओं - शिपकी-ला (हिमाचल प्रदेश), लिपुलेख (उत्तराखंड) और नाथू ला (सिक्किम) के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के लिए चीन के साथ चर्चा शुरू कर दी है। बयान में कहा गया, 'शिपकी-ला (किन्नौर) के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू करने के लिए हिमाचल सरकार लगातार प्रयास कर रही थी, जिसके उत्साहजनक नतीजे सामने आए हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की हालिया भारत यात्रा के दौरान चीन सरकार ने इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रूप से सहमति जताई है।' राज्य सरकार ने कहा कि यह सफलता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के कारण मिली, जिन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर ऐतिहासिक भारत-तिब्बत व्यापार मार्ग को फिर से खोलने का आग्रह किया था।

## ऑफ बीट

# कम पानी पीने से आ सकता है तनाव, संभालने में दिक्कत

अधिकांश लोग जानते हैं कि उन्हें अधिक पानी पीना चाहिए, लेकिन हमारे नये अध्ययन से पता चलता है कि कम पानी पीने का एक अप्रत्याशित परिणाम यह



हो सकता है : इससे रोजमर्रा के तनाव को संभालना काफी कठिन हो सकता है। 'जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी' में प्रकाशित हमारे अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन 1.5 लीटर से कम पानी पीते हैं, उनमें तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर 'कोर्टिसोल' का स्तर नाटकीय रूप से बढ़ जाता है। 'कोर्टिसोल' शरीर का प्राथमिक तनाव हार्मोन होता है। इस निष्कर्ष से पता चलता है कि लम्बे समय तक पानी की कमी तनाव की प्रतिक्रिया को उस तरह बढ़ा सकती है, जिसे हम अभी समझना शुरू ही कर रहे हैं। हमने स्वस्थ युवा वयस्कों को उनके सामान्य तरल सेवन के आधार पर दो समूहों में विभाजित करके उनका परीक्षण किया। एक समूह प्रतिदिन 1.5 लीटर से भी कम पानी पीता था, जबकि दूसरे समूह ने महिलाओं के लिए लगभग दो लीटर और पुरुषों के लिए 2.5 लीटर की मानक अनुशंसाओं को पार कर लिया। एक सप्ताह तक इन पैटर्न को बनाए रखने के बाद, प्रतिभागियों को सार्वजनिक भाषण और मानसिक अंकगणित से संबंधित एक 'प्रयोगशाला तनाव परीक्षण' का सामना करना पड़ा।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



## नियम का पालन नहीं करने पर लाइसेंस निलंबन करने का प्रावधान

# छूट पर नहीं प्रलोभन पर प्रतिबंध, दवा दुकानों को सर्कुलर जारी कर ठंडा पड़ा विभाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दवाओं की कीमतों पर दी जाने वाली छूट पर नहीं, इसके लिए दिए जाने वाले प्रलोभन पर प्रतिबंध लगाया है। छूट के प्रचार-प्रसार रोकने के लिए दवा दुकानों को सर्कुलर जारी कर खाद्य एवं औषधि प्रशासन ठंडा पड़ गया है। नियम के मुताबिक डिस्प्ले बोर्ड लगाकर छूट का प्रचार करने वाले दवा दुकानदारों का लाइसेंस निलंबित करने का प्रावधान किया गया है।

विभिन्न राज्यों में जारी आदेश का हवाला देते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने करीब दस दिन पहले तमाम दवा दुकानदारों को सर्कुलर जारी किया था कि उनके द्वारा दवा की कीमतों पर दी जाने वाली छूट का विज्ञापन नहीं किया जाएगा। वे आने वाले ग्राहकों को दवा की कीमत कम कर दे सकते हैं मगर इसका प्रचार-प्रसार बोर्ड अथवा डिस्प्ले लगाकर नहीं करेंगे। परिपत्र जारी करने के बाद विभाग ने अपनी औपचारिकता पूरी की और ना इसकी जांच और कार्रवाई की जरूरत समझी। वर्तमान में शहर के अधिकांश दवा दुकानों में दवाओं की कीमतों में भारी छूट वाले डिस्प्ले बोर्ड साफ नजर आ रहे हैं। नियम के मुताबिक उपभोक्ताओं को आकर्षित करने विभिन्न कारोबारियों द्वारा दवा के दाम में भारी छूट संबंधी बोर्ड, फ्लेक्स, लीफ लेट आदि का वितरण करते है। ऐसा करना फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के नियम 12.1 और 12.2 तथा ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के नियम 1945 और ड्रग एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट 1954 का उल्लंघन है।

### सरकारी योजना पर कार्रवाई में संशय

एफडीए द्वारा प्रलोभन वाले बोर्ड पर प्रतिबंध लगा दिया है मगर सरकारी योजना वाले दवा दुकानों पर कार्रवाई को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। जन औषधि केंद्रों और धनवंतरी योजना वाली दुकानों में छूट वाले बोर्ड साफ नजर आते हैं। इसी तरह कुछ बड़ी कंपनियों की दुकानों पर भी यह नियम लागू नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि इस तरह की आपत्ति आने के बाद विभाग ने भी किसी तरह की कार्रवाई शुरू नहीं की है।

### छूट दी जा सकती है

दवा की कीमतों पर छूट दी जा सकती है मगर इसका प्रचार-प्रसार करना नियम के खिलाफ है। दवा दुकानों को सर्कुलर जारी किया गया था। आने वाले दिनों में ।

- **संजय नेताम,** जिला सहायक औषधि नियंत्रक

### इसे लेकर आपत्ति

कारोबार बढ़ाने के लिए इस तरह का प्रचार-प्रसार किया जाता है। सरकारी योजनाओं वालेइस दवा दुकानों में भी ऐसा डिस्प्ले किया जाता है, इसे लेकर आपत्ति की गई है।

- **अश्वनी विग,** उपाध्यक्ष रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ

### प्रचार प्रसार करना उल्लंघन

दवाओं की कीमतों में छूट का प्रचार-प्रसार करना नियम का उल्लघंन है। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। एसोसिएशन इसे लेकर अधिकारियों से मुलाकात कर चुका है।

- **राहुल वर्मा,** प्रदेश सचिव इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन

## वर्क फ्राम होम का झांसा देकर महिला से 12.29 लाख की ठगी

**भिलाई।** वर्क फ्राम का झांसा देकर महिला से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी दुर्ग निवासी भोली पिपरिया इंस्टाग्राम मे आनलाईन के माध्यम से वर्क फ्राम होम नौकरी का विज्ञापन देखा। फिर अज्ञात ने महिला को आनलाईन टास्क पुरा करने का झांसा देकर 12.29 लाख रूपये का ठगी किया। पीड़िता को आनलाईन कार्य (वर्क फ्राम होम) का झांसा दिया। लालच में महिला को इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम के द्वारा झांसा दिया। नौकरी का विज्ञापन देखा जिसमें आनलाइन रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क कर पैसे कमाने का झांसा दिया। विज्ञापन में क्लिक कर व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज करने को कहा गया। रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क बहुत छोटे और सरल टास्क थे। टास्क पूरा करने पर अज्ञात तुरंत ही थोड़ी राशि लौटा दिया। जिससे महिला का विश्वास बढ़ा। पीड़िता को अज्ञात यूज़र आईडी दी गई और टेलीग्राम पर मैसेज करने को कहा गया। उसके बाद ग्रुप में प्रतिदिन लगभग 20 कार्य दिए जाते थे। रेस्टोरेंट रेटिंग टास्क होते थे। लेकिन बीच-बीच में इन्वेस्टमेंट टास्क भी रखे जाते थे।शुरुआत में एक हजार क निवेश कराया गया। निवेश करने के तुरंत बाद रिफंड देकर यह दिखाया जाता कि राशि वापस मिल रही है। धीरे-धीरे निवेश की राशि बढ़ा गया। उसके बाद अलग-अलग समय उक्त रकम निवेश करने के बाद अज्ञात ने नहीं लौटाया।

## गुरु खुशवंत को मंत्री बनाकर एससी को साधा, नए समीकरण का काट खोजने में लगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल के विस्तार में आरंग से बीजेपी विधायक गुरु खुशवंत साहेब को भी मंत्री बनाया है। उनको मंत्री बनाकर बीजेपी ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। मंत्रिमंडल में मंत्री दयालदास बघेल पहले से थे। अब अनुसूचित जाति वर्ग के दो मंत्री बनाकर सतनामी समाज के प्रभावशाली युवा चेहरा होने के कारण यह कदम राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना गया। कांग्रेस अब बीजेपी के इस नए समीकरण का काट खोजने में लगी है, ताकि सतनामी समाज का वोट बैंक उनसे दूर न हो।

सतनामी समाज को लेकर जिस तरह का वोट बैंक कांग्रेस के पास है उसे भी भारतीय जनता पार्टी अपने तरफ खींचना चाह रही है। खास तौर से बलौदा बाजार में सतनामी समाज को लेकर के जिस तरह की घटना हुई थी इसमें डीएम और एसपी कार्यालय को आग लगा दिया गया था। कहा यह जा रहा था कि उसका नेतृत्व देवेंद्र यादव ने किया था। उसके बाद सतनामी समाज का वोट कांग्रेस के साथ ज्यादा जुड़ा हुआ माना जाता था उसे भी साधने की एक बड़ी कोशिश बीजेपी ने की है। कांग्रेस इसे साधने के लिए संगठन में इस वर्ग के लोगों को कार्यकारी अध्यक्ष का पद दे सकती है।

### राज्य में एससी समुदाय की आबादी 13 से 14 प्रतिशत

### बीजेपी का मास्टरस्ट्रोक

दरअसल, गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाना छत्तीसगढ़ में बीजेपी का अहम कदम माना जा रहा है। वे छत्तीसगढ़ के सबसे प्रभावशाली धार्मिक और सामाजिक समूहों में से सतनामी समाज और गुरु घासीदास पंथ से आते हैं, जिसकी एससी के साथ-साथ अन्य समाज में अच्छी पकड़ है। छत्तीसगढ़ में एससी समुदाय की आबादी लगभग 13 से 14 प्रतिशत है, वहीं 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इस वर्ग का अच्छा साथ मिला था, जिससे कांग्रेस सरकार बनाने में भी कामयाब हुई थी, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले गुरु खुशवंत साहेब कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए जिसका फायदा चुनावों में भाजपा को मिला।

### सतनामी समाज में पकड़ मजबूत

सतनामी समाज के भीतर अपनी पकड़ और विकास पर विशेष ध्यान के चलते आरंग विधानसभा में तेजी से उभरे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में खुशवंत साहेब अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। बीजेपी में शामिल होते ही पार्टी ने उन्हें आरंग से टिकट दिया था, जहां गुरु खुशवंत साहेब से ने कांग्रेस के कद्दावर नेता और तत्कालीन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को हराया था, जिसे छत्तीसगढ़ में बीजेपी की बड़ी जीत माना गया था।

### सतनामी समाज के बड़े चेहरे

छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज अहम माना जाता है, जो धार्मिक लिहाज से भी छत्तीसगढ़ में अपनी मजबूत पकड़ रखता है। खासकर बालौदाबाजार हिंसा के बाद कांग्रेस ने इसे जमकर उठाया था, लेकिन राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बीजेपी ने गुरु खुशवंत साहेब को मंत्री बनाकर बड़ा काम किया है। गुरु खुशवंत सतनामी समाज के बालदास के बेटे हैं और उनके उत्तराधिकारी भी हैं, राजनीति में आने से पहले इंजीनियर रह चुके हैं, जो अपने नावाचारों के लिए भी सतनामी समाज में जाने जाते हैं। उन्हें संस्कृत और रामायण परंपरा के प्रचार के लिए 'संस्कृत भूषण सम्मान' भी मिल चुका है, उन्होंने विधायक की शपथ भी संस्कृत में ली थी।

### कांग्रेस सरकार ने कभी बस्तर के आदिवासियों की फिक्र तक नहीं की

## संतोष पांडेय बोले- कांग्रेस के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं नक्सलवाद समर्थक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडेय ने इंडी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को नक्सलवाद समर्थक बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गई टिप्पणी की कटु निंदा की है। उनका कहना है, कांग्रेस सरकार में श्री बघेल ने अपनी पूरी सरकार को कोयला, शराब, पीएससी, डीएमएफ, महादेव सट्टा एप समेत अनेक घोटलों में झोंक दिया और उनमें अनेक नेता, अधिकारी, दलाल जेल में बंद हैं। श्री बघेल और उनकी सरकार ने कभी बस्तर के आदिवासियों की फिक्र तक नहीं की, आज श्री रेड्डी को उम्मीदवार बनाने वाली कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भाषा की मर्यादा तक भुला बैठे हैं।

श्री पांडेय ने सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेसनीत इंडी गठबंधन ने एक ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है, जो माओवादी विचारधारा से प्रेरित हैं और सलवा जुडूम के खिलाफ दिया गया उनका निर्णय बस्तर और बस्तर के आदिवासियों के विरोध में रहा। यहां तक कि श्री रेड्डी का फैसला प्रदेश के कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ रहा। स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व. नन्दकुमार पटेल आदि झीरम नक्सली हिंसा में शहीद कांग्रेस नेताओं को याद करते हुए श्री पांडेय ने कहा, यदि सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं आता तो प्रदेश में नक्सलवाद तो बहुत पहले ही खत्म हो जाता। श्री रेड्डी ने तब नक्सलियों के कार्य को क्रांतिकारी तक बताया। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में इतने महत्वपूर्ण पद के ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाना यकीनन देश के लिए चिंता का विषय है। श्री पांडेय ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के प्रति प्रयुक्त भाषा पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा, इस तरह की अमर्यादित भाषा न केवल राजनीतिक, अपितु पारिवारिक संस्कारहीनता की परिचायक है।

## लॉ छात्रा के साथ छेड़छाड़, कॉल मी सर्विसेस के दो सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर

**रायपुर।** राखी थाने में कलिंगा यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने सरकारी भवन, मंत्रालय, सचिवालय में मेंटेनेंस का काम करने वाले दो सुपरवाइजर के खिलाफ छेड़खानी करने, धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3(5), 351(2), 74, 75(1), 78 के तहत अपराध दर्ज किया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हैं। युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। लॉ की छात्रा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सत्यजीत राजपूत, अमित चंद्राकर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। युवती ने अपने शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि दोनों युवक उसका रास्ता रोक कर उसके साथ छेड़खानी करते हैं। विरोध करने पर धमकी देते हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लॉ छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाला सत्यजीत तथा उसका साथी कॉल मी सर्विस (सीएमएस) के सुपरवाइजर हैं। सीएमएस मंत्रालय सहित सरकारी बिल्डिंग में मेंटनेंस का काम करते हैं।



- बयान के आधार पर पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही
- छात्रा कलिंगा यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत

### अफसरों के साथ पहचान होने की धौंस

छात्रा ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसमें युवती ने उल्लेख किया है कि छेड़खानी का विरोध करने पर दोनों लड़के उसे धमकी देते थे। साथ ही अफसरों के साथ पहुंच तथा रसूख का भय दिखाकर उसे डराने की कोशिश करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ जिन धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है, वह गैर जमानतीय धाराएं हैं। युवती से छेड़खानी करने पर पुलिस ने छेड़खानी करने की धारा के साथ यौन उत्पीड़न, जबरन पीछा करने के साथ धमकी देने की धारा में अपराध दर्ज किया है।

## पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतारा

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में हत्या कर लाश बोरी में भरकर खाली प्लाट में फेंकने के मामले को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर सुलझा लिया है। हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपति तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह अवैध संबंध बताई जा रही है। रविवार दोपहर मृतक के साथ अपनी पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर आरोपी ने युवक के सिर पर बत्ता से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। एएसपी सिटी लखन पटले के अनुसार मूलतः ओडिशा, मलकानगिरी निवासी रामा माडे (35) की हत्या के आरोप में रावांभाठा निवासी कृष्णा बंजारे उसकी पत्नी सोनम तथा रामकृष्ण बंजारे उर्फ राजाराम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार सोमवार रावांभाठा के मिलान बाड़ा स्थित खाली प्लाट में बोरी में लाश होने की सूचना मिलने पर पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा एफएसएल की टीम पहुंची। बोरी खोलने पर मृतक के हाथ, पैर बंधे मिले। मुंह तथा सिर पर सफेद कपड़ा लिपटा था। आसपास की फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से मृतक की शिनाख्त कराई गई, तो मृतक के मेटल पार्क स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने की जानकारी मिली।फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों से पूछताछ करने पर रामा की फैक्ट्री में काम करने वाली सोनम के साथ प्रेम प्रसंग तथा अवैध संबंध होने की जानकारी मिली। पुलिस ने सोनम से पूछताछ की, तो उसने बताया कि उसका संबंध रामा के साथ था।

## विमानतल पर लावारिस बैग ने मचाया हड़कंप जांच के बाद पता चला यह सुरक्षा का पूर्वाभ्यास

**रायपुर।** विमानों का ऑपरेशन बंद होने के बाद स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रात 11 बजे लावारिस बैग होने की सूचना से हड़कंप मच गया। मौजूद सुरक्षा एजेंसी के जवानों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद बैग को खोज निकला तब पता चला कि जांच की कवायद सुरक्षा का पूर्वाभ्यास था। यह मॉकड्रिल रविवार की रात पूरा किया गया और स्थानीय पुलिस को केवल इसकी सूचना दी गई।

विभिन्न एयरपोर्ट को मिल रही धमकियों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए तैनात सुरक्षा एजेंसी विभिन्न तरीके के मॉकड्रिल के माध्यम से रिस्पांस टाइम चेक कर रही है। रविवार की रात रायपुर एयरपोर्ट बंद होने के बाद वहां तैनात सुरक्षा जवानों को सूचना मिली की वहां एक लावारिस बैग पड़ा हुआ है, जिसमें बम हो सकता है। सूचना मिलते ही सुरक्षा जवान सक्रिय हुए और विमानतल परिसर की तलाशी लेने के बाद एक छोटे बैग को बरामद कर लिया। लगभग आधे घंटे तक यह प्रक्रिया चली, जिसके बाद सुरक्षा जवानों को बताया गया कि यह मॉकड्रिल था। सुरक्षा एजेंसी ने सुरक्षा व्यवस्था के पूर्वाभ्यास के लिए लावारिस बैग वाला तरीका अपनाया था। इस मामले में माना थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें एयरपोर्ट में रात में हलचल होने की सूचना मिली थी, इस दौरान पूछताछ में वहां की सुरक्षा एजेंसी सीआईएसएफ के अधिकारियों ने मॉकड्रिल के बारे में बताया था। एयरपोर्ट को संवेदनशील एरिया माना जाता है और वहां सुरक्षा का अतिरिक्त इंतजाम किया जाता है।

- रविवार रात एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी का मॉकड्रिल, पुलिस को केवल सूचना






### न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

**//ईश्तहार//**

**क्र./11311/वाचक/अपर कले. कोरबा /2024-25 कोरबा, दिनांक 25/08/2025 प्र.क्र. -20240805010073/0529/APL/09/A-6-A/2023-24 ग्राम-उमरेली तहसील बरपाली, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

अपीलार्थी हुताश प्रसाद सोनी पिता स्व. गंगा प्रसाद सोनी, उम्र 80 वर्ष, द्वारा मुख्तियार खास बसंत कुमार सोनी, उम्र-41 वर्ष, पिता हुताश प्रसाद सोनी, ग्राम-उमरेली, तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) का रा.प्र.क - 202408050100073/A-6-A/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 16.08.2024 के विरुद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा-44(1) के तहत इस न्यायालय में अपील याचिका प्रस्तुत किया गया है।उक्त के संबंध में निम्नांकित पक्षकार प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 11.09. 2025 को दोपहर 3.00 बजे तक उपस्थित होवें। आपके उपस्थित नहीं होने पर यह माना जावेगा कि आपको/किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगाः-2. चंद्रिका सोनी बेवा दीनबंधु सोनी, उम्र 66 वर्ष, निवासी ग्राम-उमरेली, तहसील- बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)3. उमाशंकर सोनी पिता स्व. दीनबंधु सोनी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम-उमरेली, तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)6. नीलमणी सोनी पिता स्व. ईश्वर प्रसाद सोनी, उम्र-58 वर्ष, निवासी ग्राम उमरेली, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)10. पुष्पा सोनी पिता स्व. ईश्वर प्रसाद सोनी, उम्र-54 वर्ष, निवासी ग्राम उमरेली, तहसील - बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)12. देव नारायण सोनी पिता स्व. जीवन लाल सोनी, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम-उमरेली, तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**अपर कलेक्टर कोरबा, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

### रायपुर में 'क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2025' को मिला शानदार रिस्पांस हुई 2300 से ज्यादा बुकिंग्स

**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो-2025' ने रियल एस्टेट क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह पैदा किया। तीन दिवसीय इस आयोजन में खरीदारों ने अपने बजट और पसंदीदा लोकेशन के अनुसार फ्लैट, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस की जमकर बुकिंग की। एक्सपो में शामिल 40 से अधिक प्रमुख बिल्डर्स ने 250 से अधिक प्रोजेक्ट्स के विकल्प प्रस्तुत किए, जो नया और पुराना रायपुर दोनों क्षेत्रों को कवर करते थे। रहेजा ग्रुप, आरसीपी इंफ्राटेक, अविनाश ग्रुप, श्री स्वास्तिक, समृद्धि, पायोनियर होम्स जैसे नामी बिल्डर्स के प्रोजेक्ट्स को काफी सराहा गया। रविवार को एक्सपो के अंतिम दिन, परिवारों की भारी-भीड़ देखने को मिली। लोग हर स्टॉल पर प्रोजेक्ट्स की जानकारी लेते, ब्रोशर जमा करते और ऑफर की तुलना करते नजर आए। मौके पर ऑन-द-स्पॉट बुकिंग करने वालों को विशेष उपहार और आकर्षक ऑफर भी दिए गए, जैसे कि फ्री रजिस्ट्री, एसी या सालभर का मेंटेनेंस फ्री। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी और सचिव अभिषेक बच्छावत ने बताया कि एक्सपो में 2300 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए, जो उम्मीद से कहीं अधिक है।




## विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार को बताया था गृहमंत्री ने 'नक्सलवाद समर्थक'

# रेड्डी पर दिए गए शाह के बयान पर भड़के 18 पूर्व जज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर की गई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी की 18 रिटायर्ड जजों के एक ग्रुप ने कड़े शब्दों में निंदा की है। जजों ने शाह की टिप्पणी को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है।

पूर्व जजों ने शाह को 'नाम लेकर टिप्पणी करने' से बचने की भी सलाह दी। शाह ने विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को पहले के एक फैसले की आलोचना करते हुए उन्हें 'नक्सलवाद का समर्थक' बताया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जजों ने साझा बयान में कहा कि बड़े पद पर बैठे नेता को अदालत के फैसले की 'पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या' से जजों पर नकारात्मक असर और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खतरा हो सकता है। उनका फैसला किसी भी प्रकार से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता है।

### इन जजों ने जारी किया साझा बयान

पूर्व जजों ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अभियान वैचारिक हो सकता है। लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की कथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। 18 जजों के ग्रुप में सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके कुरियन जोसेफ, मदन बी लोकुर और जे चेलमेश्वर भी शामिल हैं। इस साझा बयान पर दस्तखत करने वाले पूर्व जजों में ए.के. पटनायक, अभय ओका, गोपाल गौड़ा, विक्रमजीत सेन, कुरियन जोसेफ, मदन बी. लोकुर और जे. चेलमेश्वर शामिल थे। इसके अलावा हाईकोर्ट के तीन पूर्व चीफ जस्टिस संजीव बनर्जी, गोविंद माथुर और एस. मुरलीधर ने भी अपनी बात रखी।

### न्यायविदों ने कहा- अदालत के फैसले की 'पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या'

### 'सीधे नाम लेकर इस तरह के मामले में टिप्पणी करने से बचने की भी दी सलाह'



### यह कहा था शाह ने

शाह ने शुक्रवार को केरल में कहा था कि सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं सुनाया गया होता तो नक्सली आतंकवाद 2020 तक खत्म हो गया होता. वह वही व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित थे। दूसरी तरफ रेड्डी ने शनिवार 23 अगस्त को पलटवार करते हुए कहा था कि वह गृह मंत्री के साथ मुद्दों पर बहस नहीं करना चाहते। यह फैसला उन्होंने नहीं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था। अगर शाह ने पूरा फैसला पढ़ा होता तो वे संदर्भ समझ जाते। वह यह टिप्पणी नहीं करते। गौरतलब है कि रेड्डी की जस्टिस एस. एस. निज्जर बेंच ने साल 2011 में इस मामले में फैसला दिया था। इस फैसले में माओवादी और उग्रवाद से निपटने के लिए आदिवासी युवाओं को विशेष पुलिस अधिकारियों के रूप में इस्तेमाल करना गैरकानूनी माना गया था।

### कांग्रेस ने गृहमंत्री शाह की आलोचना

जजों के बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस ने गृह मंत्री शाह की आलोचना की। कांग्रेस महासचिव और संचार मामलों के प्रभारी जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे देश के लिए यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है कि जो केंद्रीय गृहमंत्री हैं, वे 'टू-इन-वन डब्ल्यूएमडी' हैं। एक ओर दुष्प्रचार का हथियार और दूसरी ओर भ्रामक तोड़-मरोड़ का हथियार। लेकिन भारत में अब भी ऐसे साहसी लोग हैं जो उन्हें बेनकाब करने का साहस रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की 20 सबसे प्रतिष्ठित न्यायिक हस्तियों ने, जिनमें सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज, हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य जज और शामिल हैं। 'झूठ को उजागर' कर दिया अब जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के बारे में उनके 'झूठ को उजागर' कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### शुभांशु के नाम पर यूपी में छात्रवृत्ति योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ करेगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। सीएम योगी सोमवार को लखनऊ के लोकभवन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शुभांशु प्रदेश के पहले अंतरिक्ष यात्री हैं। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। इस अभियान से पूरी दुनिया ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की ताकत देखी है। इस अनुभव का हमें भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा। प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर छात्रवृत्ति की योजना शुरू करेगी जिसका लाभ हमारी युवा पीढ़ी को मिलेगा।

### गंभीर को झटका, चलेगी ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इनकार कर दिया। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था।

### अहमदाबाद की धरती से पीएम मोदी ने साधा मुख्य विपक्षी दल पर निशाना

# 'कांग्रेस ने भारत को बना दिया आयात घोटालों के लिए अन्य देशों पर निर्भर'

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 60-65 साल तक भारत पर राज करने वाली इस पार्टी ने 'आयात घोटाले' करने के लिए देश को दूसरे देशों पर निर्भर बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कई परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अहमदाबाद में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों, पशुपालकों व लघु उद्योगों के हित सर्वोपरि हैं और 'हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन करेंगे'।

मोदी की यह टिप्पणी अमेरिका के साथ जारी शुल्क विवाद की पृष्ठभूमि में आई है। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारी सरकार शहरों में गरीबों को सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।" मोदी ने उपस्थित लोगों को बताया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले 11 वर्ष के शासनकाल में भारत में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।

### अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर दौर पर पहुंचे प्रधानमंत्री

### अहमदाबाद में किया गया रोड शो, उमड़े समर्थक



### हेल्थ पॉलिसी को बनाया बेहतर

मोदी ने कहा, 'पहले हमारी हेल्थ पॉलिसी ऐसी थी कि पहले बीमार होने दो, फिर इलाज शुरू होगी। पूरी सोच सिर्फ क्यूरेटिव थी। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में नई हेल्थ पॉलिसी बनी, जो होलिस्टिक हेल्थ पालिसी है। इस हेल्थ पालिसी में हम लोगों ने पहली बार जोर दिया कि इसमें प्रिवेंशन, प्रिवेंटिव, प्रोमोटिव, क्यूरेटिव, पैलिएटिव हेल्थकेयर भी होना चाहिए। यानी, पहले तो व्यक्ति बीमार ही न हो, इसकी हमें चिंता करनी चाहिए।'

### करने जा रहे जीएसटी रिफार्म

पीएम मोदी ने कहा, 'अब हमारी सरकार जीएसटी में भी रिफार्म करने जा रही है। इस बार की दिवाली पर व्यापारी वर्ग हो या फिर हमारे बाकी परिवारजन... सबको खुशियों का डबल बोनस मिलेगा। ये त्योहारों का मौसम है। अब नवरात्रि, विजयादशमी, धनतेरस, दिपावली... ये सभी त्योहार आ रहे हैं। ये हमारे संस्कृति के उत्सव तो हैं ही... ये आत्मनिर्भरता के भी उत्सव होने चाहिए। इसलिए मैं आपसे एक बार फिर अपनी आग्रह दोहराना चाहता हूं कि हमें जीवन के अंदर एक मंत्र बनाना है कि हम जो भी खरीदेंगे 'मेड इन इंडिया' होगा, स्वदेशी होगा।'

### 5400 करोड़ की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने गृह राज्य गुजरात के दौर पर पहुंचे। उन्होंने अहमदाबाद में रोड शो किया। वे अहमदाबाद के खोडलधाम मैदान में 5,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को भी संबोधित किया।

# संविधान संशोधन बिल : जेपीसी का हिस्सा नहीं होगी उद्धव सेना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का हिस्सा नहीं होगी। संजय राउत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस विधेयक के जरिए लोकतंत्र और चुनी हुई सरकारों को कुचलना चाहती है। उन्होंने लिखा, नरेंद्र मोदी सरकार संविधान का 130वां संशोधन लाकर लोकतंत्र और जनता द्वारा चुनी गई सरकारों को खत्म करना चाहती है। इस विधेयक की समीक्षा के लिए बनाई गई जेपीसी केवल एक दिखावा है। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट कहा है कि शिवसेना ऐसी किसी जेपीसी का हिस्सा नहीं बनेगी।

### राउत ने एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी, कहा- जेपीसी दिखावा



### यह है प्रस्ताव

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में यह प्रस्ताव है कि अगर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई मंत्री किसी ऐसे अपराध के आरोप में गिरफ्तार होते हैं या 30 दिन तक हिरासत में रहते हैं, जिसकी सजा पांच साल या उससे ज्यादा हो सकती है, तो वह पद से खुद-ब-खुद हट जाएंगे। इस विधेयक की विस्तार से जांच के लिए इसे जेपीसी के पास भेजा गया है। समिति में संसद के दोनों सदनों के कुल 31 सदस्य शामिल होंगे। यह समिति जांच करेगी और सुझाव देगी, उसके बाद इसे संसद में मतदान के लिए पेश किया जाएगा।

### नैतिकता नहीं, निर्लज्जता के साथ हैं कुछ विपक्षी दल : भाजपा

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टियां संविधान संशोधन विधेयक का विरोध कर रही हैं, वे नैतिकता का नहीं, बल्कि निर्लज्जता का साथ दे रही हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष इसलिए जेपीसी का बहिष्कार कर रहा है, क्योंकि वे उन्हीं लोगों के साथ बैठे हैं जिन्हें वे पहले तिहाड़ जेल में देखना चाहते थे। शहजाद पूनावाला ने बिना नाम लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसा।

### इस मुद्दे पर बंट गया है विपक्ष

जेपीसी के मुद्दे पर विपक्ष बंटा हुआ नजर आ रहा है। उद्धव सेना के पहले, आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को साफ कर दिया कि वह जेपीसी में शामिल नहीं होगी। इससे पहले ही तृणमूल कांग्रेस भी इस प्रक्रिया से बाहर रहने का ऐलान कर चुकी थी। समाजवादी पार्टी का रुख भी ऐसा ही माना जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यह दुविधा वाली स्थिति बन गई है।



### कश्मीर : सरकारी ऑफिसों में पेन ड्राइव पर रोक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और संवेदनशील सरकारी जानकारी की रक्षा के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सभी सरकारी विभागों में आधिकारिक कंप्यूटरों व उपकरणों पर पेन ड्राइव और यूएसबी डिवाइसों के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

### रामायण से जुड़े 50 देवी-देवताओं की लगेगी मोम की मूर्ति

# अयोध्या राम मंदिर परिसर में बनेगा वैक्स म्यूजियम

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

पावन नगरी अयोध्या के राम मंदिर परिसर में परिक्रमा पथ पर एक भव्य वैक्स म्यूजियम बनाया जा रहा है, जिसका उद्घाटन इस साल दीपोत्सव के मौके पर किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इस परियोजना में अब तक लगभग 7.5 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है और निर्माण काम तेजी से चल रहा है। यूपी सरकार ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर परिसर में बन रहे भव्य वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन इस साल दीपोत्सव पर किया जाएगा। ये म्यूजियम परिक्रमा पथ पर बनाया जा रहा है जो कि 10,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है। मंदिर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को एक अनूठा-सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अनुभव प्रदान करेगा।

**केरल के विशेषज्ञों के सहयोग से किया जा रहा इन मूर्तियों का निर्माण**



*प्रमुख प्रसंगों को भी किया जाएगा रिक्रिएट : बयान में आगे कहा कि म्यूजियम में राम-रावण युद्ध, सीता हरण, हनुमान की लंका यात्रा और राम सेतु के निर्माण जैसे रामायण के प्रमुख प्रसंगों को मोम की कलाकृतियों और आधुनिक तकनीक के मिश्रण के माध्यम से पुनर्जनन किया जाएगा। ऑडियो-विजुअल प्रभाव और इंटरैक्टिव डिस्प्ले इस अनुभव को और भी बेहतर बनाएंगे।*

### रामायण काल की जीवंत झलक

जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र स्थित एक संगठन और केरल के विशेषज्ञों के सहयोग से इन मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। ये मूर्तियां इतनी सजीव होंगी कि वे भक्तों और पर्यटकों को रामायण काल की जीवंत झलक प्रदान करेंगी।

### तेजी से चल रहा है निर्माण कार्य


संभागीय आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि ये वैक्स म्यूजियम अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को एक नया आयाम देगा। बता दें कि हर साल दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में लाखों दीये जलाए जाते हैं। इस वर्ष दीपोत्सव पर वैक्स म्यूजियम का उद्घाटन इस उत्सव को और भी भव्य बनाएगा।

# 'कमाई के लिए मजाक बर्दाश्त नहीं, बिना शर्त माफी मांगें'

### स्टैंड-अप कॉमेडियन्स को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया और यू ट्यूब इन्फ्लुएंसर्स पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर कमाई करने वाले इन्फ्लुएंसर्स का कंटेंट फ्री स्पीच की कैटेगरी में नहीं आता। इसे कॉमर्शियल स्पीच माना जाएगा। कोर्ट ने साथ ही स्टैंड-अप कॉमेडियन्स को बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। समय रैना के शो में रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी के बाद विवाद शुरू हुआ था। बाद में समय रैना को अपना शो बंद करना पड़ा था। यह मामला तब सामने आया जब स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमारजीत सिंह घई, निशांत जगदीश तंवर और सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई पर दिव्यांगजनों को लेकर असंवेदनशील टिप्पणियां करने के आरोप लगे। सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया सहित इन सभी कॉमेडियन्स को अपने यू ट्यूब चैनल और पॉडकास्ट पर दिव्यांगजनों से बिना शर्त माफी मांगने का निर्देश दिया है।



## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5969



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2,1,2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

### शब्द पहेली -5968 का हल



## सूडोकु नवताल - 5979

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## प्रस्तावित अमेरिकी शुल्क का नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका

# फिच रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते भारत की साख को 'बीबीबी-' पर कायम रखा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर एवं बाह्य मोर्चे पर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। भारत पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमान पर मामूली नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष 'योग्यता' और ''मानक'' वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है।

### जीएसटी सुधार से उपभोग को मिलेगा बढ़ावा,वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएगे

### 12 और 28 फीसदी का स्लैब होगा समाप्त

इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर 'स्लैब' को समाप्त करना शामिल है। फिच ने कहा, '' भारत की रेटिंग को उसकी मजबूत वृद्धि और ठोस बाह्य वित्तीय स्थिति का समर्थन प्राप्त है।'' 'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। यह रेटिंग वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के एक पखवाड़े के भीतर आई है।




### कंपनियों का राजस्व 11 फीसदी बढ़ेगा : क्रिसिल

विविध इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नौ से 11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि बड़ी एवं विविध ईपीसी कंपनियों के लिए राजस्व में यह वृद्धि बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय में स्थिर बढ़ोतरी, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुकूल ऑर्डर मिश्रण के साथ परियोजना के तेज क्रियान्वयन के दम पर होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के अध्ययन में 15 ईपीसी कंपनियों को शामिल किया गया ।

### 14 अगस्त को 'बीबीबी-' से 'बीबीबी' कर दिया था

गौरतलब है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 14 अगस्त को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दिया था। एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार भारत की साख को बढ़ाया है। एक अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग डीबीआरएस ने इस वर्ष मई में संरचनात्मक सुधारों का हवाला देते हुए भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' कर दी थी।

### वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के समान है और 2.5 प्रतिशत के 'बीबीबी' औसत से काफी ऊपर है।

### राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर

एजेंसी ने कहा कि इसमें मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश में वृद्धि और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण मध्यम अवधि में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि क्षमता का अनुमान लगाया गया है। फिच ने कहा, 'यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे।' रेटिंग एजेंसी ने हालांकि 'बीबीबी' वर्ग के देशों की तुलना में उच्च घाटे और कर्ज का हवाला देते हुए फिच ने राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर की है।

## कंपनियों को एआई से नहीं मिला कोई ठोस फायदा, 95 प्रतिशत प्रोजेक्ट्स नाकाम

**नई दिल्ली।** पिछले तीन सालों में दुनियाभर की कंपनियों ने जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोजेक्ट्स में 30 से 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। लेकिन मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) की एक नई स्टडी के मुताबिक, इनमें से 95 प्रतिशत कंपनियों को एआई टूल्स अपनाने से कोई ठोस फायदा नहीं हुआ। इस स्टडी के हवाले से बताया गया कि ज्यादातर कंपनियों की कमाई या मुनाफे पर एआई का कोई असर नहीं पड़ा। दुनियाभर में कंपनियों ने चैट जीपीट, कोपायलट एआई और दूसरे बड़े लैंग्वेज मॉडल्स को आजमाने में तेजी दिखाई। सर्वे बताते हैं कि 80 प्रतिशत से ज्यादा बड़ी कंपनियों ने इन टूल्स को टेस्ट किया या छोटे स्तर पर इस्तेमाल शुरू किया। करीब 40 प्रतिशत कंपनियों ने इन्हें किसी न किसी रूप में लागू भी किया।

## एनबीसीसी को राजस्थान सरकार से मिला ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लि. को राजस्थान में लगभग 3,700 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 95 एकड़ में मिश्रित उपयोग वाली परियोजना के विकास और विपणन का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे 'राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) की 95 एकड़ जमीन पर राजस्थान मंडपम सम्मेलन केंद्र, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) टावर, आईटी टावर, लक्जरी होटल और नए वाणिज्यिक एवं आवासीय बुनियादी ढांचे के डिजाइन, विनिर्माण और विपणन के लिए प्रमुख एजेंसी के रूप में चुना गया है।' यह जमीन टोंक रोड पर बी2 बाइपास के पास स्थित है। राजस्थान सरकार ने लगभग 3,700 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली इस परियोजना को मंजूरी दे दी है।

## NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA
**Distt.-Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

क्र./ 640 / न.पं. / लो.नि./ 2025 — बरमकेला, दिनांक 25.08.2025

Online Tender Are Invited from Competent category registered contractors under Integrated Registration System for the following works, The Last Date for 15.09.2025 at 17.30 PM

| Sl. No. | Description | ST No. | Amount of the Estimate EMD Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, BARAMKELA under SBM 2.0 | 174374 | (1) Rs. 243.2 Lakh (2) Rs. 1.50 Lakh (TDR/ FDR) in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, BARAMKELA. |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 15.09.2025 at 17:30 Hours. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA (CG)**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 290 / निर्माण/2025 — दिनांक 20.08.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम ढेलवाडीह में सार्वजनिक सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 09 वर्तमान वार्ड क्र. 34 कोरबा (अ.जा.वि.प्रा. मद) (तृतीय निविदा) | 10.00 | 01.09.2025 (T.No. 174079) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

### चीन की पीएसएवी ग्लोबल उत्पादन के लिए विनिर्माताओं से बात कर रही

# भारत में नवंबर तक ऑनर के स्मार्टफोन का उत्पादन शुरू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



चीन की स्मार्टफोन कंपनी ऑनर की ब्रांड साझेदार पीएसएवी ग्लोबल 2026 की पहली तिमाही से भारत में ऑनर उपकरणों का उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पीएसएवी ग्लोबल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सी. पी. खंडेलवाल ने बताया कि कंपनी की योजना 'मेड इन इंडिया' ऑनर स्मार्टफोन के साथ पहले वर्ष में एक प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 2,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

सीईओ ने कहा, '' सीकेडी (कम्प्लीट नॉक्ड डाउन) विनिर्माण शुरू होने के बाद हमारा प्रथम वर्ष का लक्ष्य करीब एक प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है, जो लगभग 2,500 करोड़ रुपये के राजस्व के बराबर है। यह लक्ष्य विनिर्माण परिचालन के पहले वर्ष में हासिल किया जाएगा।''

वैश्विक मोबाइल फोन आपूर्ति पर 'काउंटरपॉइंट रिसर्च' की 2025 की पहली तिमाही की रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष पांच ब्रांड के अलावा ऑनर तेजी से बढ़ते ब्रांड में से एक है और वैश्विक स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा दे रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि पहली तिमाही में हुआवेई चीन में सबसे बड़ी मूल उपकरण विनिर्माण (ओईएम) कंपनी थी, जबकि ऑनर एवं मोटोरोला ने कई बाजारों में उच्च वृद्धि दर्ज की।

### ऑनर वी3 और ऑनर मैजिक 7 प्रो पेश करने की तैयारी

कंपनी अब ऑनर वी3 और ऑनर मैजिक7 प्रो पेश करने की तैयारी में है। खंडेलवाल ने कहा, '' एक बार जब हमारा स्थानीय विनिर्माण शुरू हो जाएगा, तो हम एक ही समय पर अन्य देशों और भारत में एक-साथ वैश्विक मॉडल पेश करेंगे।'' पीएसएवी ने 2024 में उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा था लेकिन बाहरी कारकों के कारण यह समयसीमा चूक गई।

## आयकर नियम दिसंबर अंत तक होंगे अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य (विधि) आर एन परबत ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग सरलीकृत आयकर फॉर्म पर काम कर रहा है और अगले साल एक अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए दिसंबर के अंत तक नए नियमों को अधिसूचित करने का लक्ष्य रखा है। परबत यह भी कहा कि विभाग नए आयकर अधिनियम पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का एक नया सेट और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा मार्गदर्शन नोट जारी करेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 21 अगस्त को आयकर अधिनियम, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी। यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा।

## कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

**सूचना**

होमगार्ड विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी हेतु तथा 500 महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी हेतु भर्ती कार्यवाही का परिणाम दिनांक 08.08.25 को विभागीय वेबसाइट http://www.cghgcd.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in में अपलोड किया गया है। एवं भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 01.09.2025 से 10.09.2025 तक जिला मुख्यालयों में अपनी उपस्थिति देना है।

**जिला सेनानी नगर सेना,**
**राजनांदगाँव**

जी. 252603043/1

## कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्र./603/ प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पं./राहौद/2025 — राहौद, दिनांक 25.08.2025

**दावा / आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्र/9/ सूडा/एएमएवायू 2.0/2024-25/8794 दिनांक 13.03.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (सबके लिए आवास मिशन बीएलसी घटक) अंतर्गत ऑनलाईन 389 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ था। शासन से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार प्रथम चरण में 41 हितग्राहियों पात्र पाये गये है। शेष हितग्राहियों से सभी आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किये जा रहे है। प्रथम चरण में पात्र सभी 41 हितग्राहियों का सूची नगर पंचायत राहौद कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया गया है। उपरोक्त आवेदनों के संबंध में भूमि स्वयं की अथवा पट्टाधारी होने के संबंध में दिनांक 01-09-2025 को समय दोपहर 03:00 बजे तक दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः निर्धारित समयावधि में नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर लिखित में आवश्यक दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति दर्ज करायी जा सकती है। उक्त तिथि उपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सो सूचना जाने।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत राहौद**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)
**e-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No-495445**

क्रमांक/1396/निर्माण/न.पा.प./2025 — बांकीमोंगरा, दिनांक 25.08.2025

**प्रथम ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण एवं विकास कार्य करने हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1. निविदा ऑनलाईन भरने की तिथि:- दिनांक 25.08.2025 से 16.09.2025 सायं 5:30 बजे तक 2. भौतिक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.08.2025 से 22.09.2025 सायं 4:00 बजे तक
3. निविदा ऑनलाईन खोलने की तिथि :- दिनांक 22.09.2025 सायं 4:30 बजे से

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि टी.डी.आर./ एफडीआर | निविदा प्रपत्र शुल्क डी.डी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 174292 | वार्ड क्र.11 गजरा ग्राउंड के पास मंगल भवन निर्माण कार्य। | 96.79 | 73000.00 | 3000.00 |
| 2 | 174331 | वार्ड क्र. 11 गजरा ग्राउंड रावण मैदान का विकास कार्य। | 65.64 | 50000.00 | 3000.00 |
| 3 | 174333 | वार्ड क्र 11 मंगल भवन के सामने सी.सी. रोड सह आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 35.70 | 27000.00 | 1500.00 |
| 4 | 174334 | बांकीमोंगरा में सब्जी मार्केट निर्माण कार्य। | 29.05 | 22000.00 | 1500.00 |
| 5 | 174336 | हनुमान चौक से घुड़देवा बाजार तक विद्युत पोल विस्तार कार्य एवं लाईट स्थापना कार्य। | 49.07 | 37000.00 | 1500.00 |

उपरोक्त कार्य निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/UADTenderUploader/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जगदलपुर, जिला-बस्तर, (छ.ग.)
**E-Mail- deo.jdp@gmail.com**

क्रमांक/132/स्था./सुरक्षा गार्ड निविदा/2025-26 जगदलपुर, दिनांक 21/08/2025

**// निविदा-सूचना//**

| क्र. | निविदा कार्य | लाला जगदलपुरी केन्द्रीय ग्रंथालय जगदलपुर, में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत सुरक्षा एजेन्सी से वर्ष 2025-26 (तीन वर्ष) हेतु 06 सुरक्षा गार्ड (04 पुरुष 02 महिला) के लिए निविदा |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र मूल्य | रू. 1000/- (रू. एक हजार मात्र) नगद देय एवं वापसी योग्य नहीं। |
| 2 | निविदा फार्म की विक्रय की प्रारंभ/ अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक- 25/08/2025 (10:30) सायं 05:30 बजे तक अंतिम तिथि- 09/09/2025 |
| 3 | निविदा फॉर्म जमा करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय | दिनांक- 15/09/2025 (10:30) सायं 05:30 बजे तक (केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार किये जायेंगे) |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक- 18/09/2025 (गुरुवार) दोपहर 03:00 बजे से। |
| 5 | निविदा धरोहर राशि | रूपये 10,000/- (रू. दस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक "लाला जगदलपुरी केन्द्रीय ग्रंथालय, जगदलपुर" के नाम से देय। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने हेतु निर्धारित स्थान | लाला जगदलपुरी केन्द्रीय ग्रंथालय जगदलपुर, जिला-बस्तर, (छ.ग.) |

नोट :- केन्द्रीय ग्रंथालय में सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत सुरक्षा एजेन्सी, से वर्ष 2025-26 (तीन वर्ष हेतु) हेतु 06 सुरक्षा गार्ड (04 पुरुष 02 महिला) के लिए निविदा, निविदा फॉर्म के साथ दी जायेगी। इसके अलावा उपरोक्त निविदा की संपूर्ण जानकारी कार्यालय में एवं बस्तर जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.bastar.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

जी. 252603048/1

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./ यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(द्वितीय-आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 173865/निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि./2025-26 — दिनांक: 22.08.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 08.09.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अतर्गत बिलासपुर व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों का पेंटिंग तथा सुधार / मरम्मत कार्य, रिमोट कन्ट्रोल सिस्टम का उन्नयन कार्य तथा कार्य स्थल पर प्रकाश व्यवस्था कार्य।

अनुमानित लागत - रू. 197.31 लाख
(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.08.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंडिका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर। (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. ला. म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

जी-252603040/3

## INDIRA GANDHI KRISHI VISHWAVIDYALAYA OFFICE OF THE SUPERINTENDENT PHYSICAL PLANT
**RAIPUR (C.G.) Email-igkvspp@gmail.com, Phone No. 0771-2442203**

No./SPP/Tender/2025/329 — Raipur Dated 22.8.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited in Form A, B, C online from contractor....(name the class of the contractor) registered in Chhattisgarh PWD as per schedule of rates for Roads/ Buildings/Bridges works effective from 01.01.2015 and for electrical works effective from 01.06.2020 and amended up to date of issue of NIT. The tender details along with list of necessary documents will be available on the https://eproc.cgstate.gov.in and www.igkv.ac.in websites. The last date of submission of online bid is 16-09-2025 The Physical document's should be submitted only through Registered / Speed post so as to reach in the office of the Superintendent Physical Plant, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Labhandi, Raipur (C.G.) Pin 492012, latest by date 18-09-2025 by 05.00 pm.

**Superintendent Physical Plant**
**IGKV Raipur (CG)**

S-45042

# सात साल में महिलाओं की रोजगार दर हुई दोगुनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



श्रम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत में महिलाओं की रोजगार दर पिछले सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गई है। यह 2017-18 में 22 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि इस अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के तहत देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

पीएलएफएस (आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण) के आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं की रोजगार दर (डब्ल्यूपीआर) 2017-18 के 22 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गई है। बेरोजगारी दर (यूआर) 2017-18 के 5.6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत पर आ गई, जो महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों में सकारात्मक वृद्धि को दर्शाता है।

## कार्यालय अधिष्ठाता, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर (छ.ग.) 495001
**FAX (O)-07752-224200, PHONE (O)-07752-230030, 222302**
**Website: www.cimsbilaspur.ac.in, Email- deancims@gmail.com**

क्रमांक / 12756 / क्रय शाखा/अधि./सिम्स/25 — बिलासपुर, दिनांक 22/08/25

**दावा आपत्ति सूचना**

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर छ.ग. की ओर से निम्न चिकित्सकीय उपकरण सांपत्तिक प्रकृति (Proprietary Character) होने के कारण रियेजेन्ट्स / कन्ज्युमेबल / किट्स / कंट्रोलर क्रय करने हेतु दावा आपत्ति सूचना आमंत्रित की जा रही है। प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in में अवलोकन कर प्राप्त किये जा सक्ते हैं।

| S.N. | Name of Equipment | Make | Model No. | Name of Department |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Fully Immounassy Analyser (Immunofluorescence) | Meril Diagnostics Pvt. Ltd. | Merylizer LumiQuant | Biochemistry |
| 02 | Electrolyte Analyser | Meril Diagnostics Pvt. Ltd. | Merylizer Quantilyte (5 Parameter) | Biochemistry |
| 03 | Fully HbAlc Analyser | Meril Diagnostics Pvt. Ltd. | Merylizer GluQuant Alc | Biochemistry |
| 04 | Fully Biochemistry Analyser | Meril Diagnostics Pvt. Ltd. | Merylizer AutoQuant 1200 | Biochemistry |

दावा आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथी 25/09/2025 समय-संध्या 5.30 बजे।
स्थान:- छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय) बिलासपुर (छ.ग.)।

**अधिष्ठाता**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.)**

जी. 252603059/5

## कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना महासमुन्द (छ.ग.)
**दूरभाष क्रमांक:- 07723-223101, ईमेल:-disctmahhgcdcg@gmail.com**

**// सूचना //**

जिला महासमुन्द के लिये कन्या आश्रम / छात्रावास भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट https://www.cghgcd.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in में अपलोड किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक 01.09.2025 से 10.09.2025 तक कार्यालयीन समय में ज्वाईनिंग लिया जावेगा। अपने साथ कंडिकावार दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
04. समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं 01 सेट छायाप्रति ।
05. चिकित्सकीय परीक्षण के समय अयोग्य पाये जाने पर सेवा से पृथक कर दिया जावेगा।
06. पुलिस चरित्र सत्यापन के समय अयोग्य पाये जाने पर सेवा से पृथक कर दिया जावेगा, इस आशय का शपथ-पत्र साथ लावें।

**जिला सेनानी,**
**एवं जिला अग्निशमन अधिकारी,**
**नगर सेना महासमुन्द (छ.ग.**

जी-252603036/1

## IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR

**Caveat Application No. .... /2025**
**(Writ Petition (C) No. .... /2025)**

**CAVEATOR/** PROPOSED RESPONDENT : Union of India

**Versus**

**NON-CAVEATOR/** PROPOSED PETITIONERS : General Public At Large

**CAVEAT APPLICATION UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908 READ WITH RULE 142 OF THE CHHATTISGARH HIGH COURT RULES, 2007 (AS AMENDED)**

It is hereby informed to the General Public that the Caveator herein have filed the instant caveat before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh as the Caveator acting through Ministry of Electronics and Information Technology has formulated "Promotion and Regulation of Online Gaming Act, 2025" which was notified in official Gazette of India on 22nd August 2025, and it has come into force on the said notified date.

The Caveator apprehends that any person from public at large being aggrieved by the same may file a writ petition before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh and may pray for stay/ interim relief in respect of the implementation / enforcement of the Promotion and Regulation of Online Gaming Act, 2025 that's why this Caveat Application has been filed.

It is hereby informed that any person who desires or is willing to file a writ petition challenging the aforesaid Act of 2025 may submit advance copy before the Office of Deputy Solicitor General of India situated in the Chhattisgarh High Court Premises. Copy of the public notice is part of the Caveat Application.

Bilaspur, Chhattisgarh
Dated: /08/2025

**[RAMAKANT MISHRA, ADV]**
**Deputy Solicitor General of India**
**O/o Dy. SGI, First Floor - Advocate's Chamber, High Court Premises at Bilaspur**
**Mobile: +91 91313-51693**

S.- 45044

# सीएएफए नेशन्स कपः कोच जमील के मार्गदर्शन में पहला टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय टीम

## गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की वापसी, ताजिकिस्तान में 29 अगस्त से शुरू होगी स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी, जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है।

### ईरान के खिलाफ 1 को मुकाबला

भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया क्योंकि यह प्रतियोगिता फीफा विंडो (अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए फीफा द्वारा निर्धारित समय) का हिस्सा नहीं है। ईस्ट बंगाल के अनवर अली, नाओरेम महेश सिंह और जैकसन सिंह थोनाओजम पिछले शुक्रवार को शिविर से जुड़े जबकि जितिन एमएस क्लब के साथ अपनी प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद रविवार को शिविर का हिस्सा बने।



**भारतीय टीम** - **गोलकीपर** : गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। **डिफेंडर**: राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। **मिडफील्डर**: निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन सिंह, बोरिस सिंह, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, नाओरेम महेश सिंह। फारवर्डः इरफान यदवाड, मनवीर सिंह (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह। मुख्य कोचः खालिद जमील।

### करिश्माई सुनील छेत्री टीम से बाहर

जमील ने इन चारों को सीएएफए नेशन्स कप के लिए चुना है। अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत सिंह की टीम में वापसी हुई है। करिश्माई सुनील छेत्री टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि जमील ने उन्हें शिविर के लिए नहीं बुलाया है। मोहन बागान के लिस्टन कोलासो, मनवीर सिंह और सुभाशीष बोस भी टीम का हिस्सा नहीं हैं क्योंकि उनके क्लब ने उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भेजने से इनकार कर दिया था। टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम आठ सितंबर को होने वाले प्ले ऑफ में जगह बनाएंगी। ग्रुप के उप विजेता दुशांबे में तीसरे स्थान के मुकाबले में खेलेंगे जबकि ग्रुप विजेताओं के बीच फाइनल ताशकंद में होगा। जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच के रूप में प्रभावित करने वाले जमील को भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा, जिसे एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में जूझना पड़ा है। शुरुआती दो मैच के बाद उसका सिर्फ एक अंक है और टीम अंतिम स्थान पर चल रही है।

### खिलाड़ियों की अनुपलब्धता को नहीं दी तवज्जो : जमील

बेंगलुरु। भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के बारे में चल रही चर्चा को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि टीम अगामी चुनौती के लिए तैयार है। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन मोहन बागान सुपरजायंट ने अपने सात खिलाड़ियों को शिविर के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया था। मोहन बागान का तर्क था कि उसके लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं है क्योंकि यह टूर्नामेंट फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं आता। मोनालो मार्क्वेज की जगह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने जमील को 29 खिलाड़ियों के शिविर में से अपने अंतिम 23 सदस्यों के टीम का चयन करना था। जमील ने भारत के मुख्य कोच के तौर पर अपनी पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' चुनौतियों की बात करें तो कुछ क्लब कुछ कारणों से खिलाड़ियों को नहीं छोड़ रहे हैं। हम घरेलू सत्र शुरू होने से पहले यह टूर्नामेंट खेल रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### महिला क्रिकेट विश्व कप : पाकिस्तान की टीम घोषित फातिमा सना को कमान

**लाहौर।** हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से 2 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालीफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। फिरोजा, अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर रिजर्व खिलाड़ी होंगे।

### टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला : रोहित



**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए कहा कि यह प्रारुप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा, 'यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है।

### डब्ल्यूएफआई ने नेहा को किया निलंबित



**नई दिल्ली।** अधिक वजन के कारण हाल ही में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अयोग्य घोषित की गई पहलवान नेहा सांगवान को सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 'लगातार वजन प्रबंधन संबंधी समस्याओं' के कारण सीनियर विश्व चैंपियनशिप टीम से बाहर करने के अलावा दो साल के लिए निलंबित कर दिया। हरियाणा की नेहा को पिछले हफ्ते बुल्गारिया के समोकोव में महिलाओं के 59 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करनी थी लेकिन उनका वजन निर्धारित सीमा से लगभग 600 ग्राम अधिक था। आयोजकों ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया और भारत उस भार वर्ग में प्रतिनिधित्व नहीं कर सका। भारत की महिला टीम ने सात पदक जीते और जापान के बाद उपविजेता रही।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 15 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। देश के रिले दौड़ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था। पिछले सत्र की तरह तोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है।

## जीत का रिकॉर्ड 19-0 किया, लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी

# अमेरिकी ओपन : चोटिल जोकोविच ने बाधाओं को पार कर जीता पहला दौर

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6-1, 7-6, 6-2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की।

### पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता

उन्होंने जीत के बाद कहा,' पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी।' विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।





### दूसरे दौर में सबालेंका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7-5, 6-1 से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा,'मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं।' अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।



### दूसरे दौर में पेगुला और पाओलिनी



चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मिस्र की मेयर शेरिफ को 6-0, 6-4 से शिकस्त देकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला एक घंटे 15 मिनट तक चला। अब जेसिका पेगुला का सामना एन्ना ब्लिंकोवा से होगा, जिन्होंने पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-1 से हराया। दूसरे सेट में, शेरिफ ने अपनी लय पकड़ी और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर 4-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, पेगुला ने अपनी लय वापस पाते हुए जीत दर्ज की। इस बीच, सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी ने क्वालीफायर डेस्टेनी ऐवा को 6-2, 7-6(4) से हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### राडुकानू ने पहला मैच जीता

अमेरिकी ओपन 2021 जीतने वाली एम्मा राडुकानू ने 18 वर्ष की उम्र में एक क्वालिफायर के तौर पर खिताब जीतने के बाद यहां पहली जीत दर्ज करते हुए जापान की क्वालिफायर एना स्निबाहारा को 6-1, 6-2 से मात दी। चार साल पहले खिताब जीतकर सभी को चौंका देने वाली राडुकानू 2022 में पहले दौर में हार गई, जबकि 2023 में कलाई और टखने के आपरेशन के कारण खेल नहीं सकी। पिछले साल भी वह पहले दौर में हार गई थीं। अब 22 साल की हो चुकी ब्रिटेन की राडुकानू ने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए रैंकिंग में 70वें से 36वां स्थान हासिल कर लिया।

## राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप

# एक साल बाद मीराबाई की वापसी गोल्ड जीत बनाया नया रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

### पहले प्रयास में लड़खड़ाई

31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मी रा बा ई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं। उनके दाहिने घुटने में तकलीफ दिखाई दी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने उतना ही वजन उठाया। 89 किग्रा का उनका तीसरा प्रयास भी असफल रहा। कोई वास्तविक प्रतिस्पर्धा न होने के कारण मीराबाई असल में खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की। उन्होंने इसे बढ़ाकर 109 किग्रा कर लिया, लेकिन 113 किग्रा का अपना अंतिम प्रयास पूरा नहीं कर सकीं।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : चौथे स्थान पर मनु, जूनियर वर्ग का दबदबा

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट



दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई नि शा ने बा जी चैंपियनशिप में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा।

भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओं के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया।

### भारतीय तिकड़ी ने कांस्य पदक किया अपने नाम

कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारुइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वे चीन और दक्षिण कोरिया से पीछे रहे। ईशा क्वालीफिकेशन में शीर्ष रही थी जबकि मनु चौथे स्थान पर रही थी।



### महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

# ड्रीम 11 से करार खत्म, बीसीसीआई को अब नए प्रायोजक की तलाश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है और बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है।



### दूसरे विकल्प की तलाश में प्रक्रिया जारी

बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की कि ड्रीम11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा,' हमारा रुख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है।' उन्होंने कहा,' इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है।

### ड्रीम 11 ने खरीदा था 358 करोड़ रुपए में टाइटल

भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है। ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे थे। उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है।

भूल सुधार सूचना
(Errata & Apology Notice)
दिनांक 14.08.2025 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हमारे उत्पाद (Sehat Prash) के विज्ञापन में नेट क्वांटिटी (MRP 735/- Net Quantity 60 Capsules) का उल्लेख त्रुटिवश छूट गया था।
यह केवल प्रिंटिंग त्रुटि थी, उपभोक्ताओं को गुमराह करने की कोई मंशा नहीं थी।
हम अपने सभी ग्राहकों एवं पाठकों से इस भूल के लिए ईमानदारीपूर्वक क्षमाप्रार्थी हैं।
आगे से जब भी विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा, उसमें सभी आवश्यक विवरण सहित नेट क्वांटिटी स्पष्ट रूप से उल्लिखित जरूर की जायेगी।
Chetan Herbals Pvt. Ltd.
BF/16 Chetan House
(Near Sibble Cinema)
Badarpur, New Delhi-110044

## बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स

# अहलावत के आखिरी में 3 बर्डी



एजेंसी ▶▶| सुटोन कोल्डफील्ड

भारत के वीर अहलावत आखिरी दौर में दो ओवर 74 के खराब स्कोर के साथ बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 54वें स्थान पर रहे। भारत के दूसरे खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में प्रवेश नहीं कर सके थे। पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रहे अहलावत ने एक ओवर से 73-71-71-74 स्कोर किया। उन्होंने आखिरी दौर में तीन बर्डी लगाए, तीन बोगी और एक डबल बोगी किया। एलेक्स नोरेन ने सात साल बाद अपना 11वां डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

## हिल्स ओपन

# प्रणवी के दो अंडर 69 स्कोर

एजेंसी ▶▶| गोटेनबर्ग (स्वीडन)



आखिरी दौर में डबल बोगी करने से भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स की शीर्ष 15 में रहने की उम्मीदों पर तुषारापात हो गया और वह हिल्स ओपन में संयुक्त 21वें स्थान पर रही। चोट के बाद वापसी कर रही प्रणवी ने दो अंडर 69 स्कोर किया। भारत की हिताषी बख्शी संयुक्त 41वें स्थान पर रही जबकि स्नेहा सिंह संयुक्त 47वें स्थान पर रही। भारत की त्वेसा मलिक, अमनदीप द्राल, अवनि प्रशांत और वाणी कपूर कट में प्रवेश नहीं कर सकी थी। स्वीडन की अमैच्योर मेजा ओर्टेंग्रेन ने अपने देश में पहला लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीता।

### प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रा दूसरे स्थान पर बरकरार

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारुआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन डी. गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला।

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703
Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
शुद्धिपत्र
कृपया सेंट्रल क्रॉनिकल हरिभूमि (अंग्रेजी + हिंदी) में 12-08-2025 को प्रकाशित बिक्री सूचना विज्ञापन देखें। यह विज्ञापन आशा राम चौधरी, प्रिया चौधरी, गौरव चौधरी के विरुद्ध है। संपत्ति का पता खसरा नंबर-77/4, मौजा मड़वा, प.ह.नं. 47, रा.नि.मं. मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़, 495334 है। चौहद्दी : पूर्व-दानदाता का प्लॉट, पश्चिम-प्रस्तावित सड़क, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण -शंकर का प्लॉट है। कृपया ध्यान दें कि इस खाते की बिक्री सूचना दिनांक 12-08-2025 और नीलामी तिथि 12-09-2025 रद्द की जाती है।
शेष मामले में कोई परिवर्तन नहीं है।
स्थान: बिलासपुर
दिनांक: 26-08-2025
द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

एनएमडीसी
NMDC
एन एम डी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GOI001674
वर्कस प्रभाग
संविदा विभाग
निविदा – पूर्व बैठक सूचना दिनांक: 25.08.2025
एनएमडीसी लिमिटेड, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की "नवरत्न" कंपनी है जो **"प्रस्तावित नए क्रशिंग प्लांट और निक्षेप 14 तथा 11 सी के डाउनहिल** के लिए हॉल रोड एवं सर्विस रोड के निर्माण" कार्य के लिए 28.08.2025 को 10.30 बजे निविदा-पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए अनुभवी, प्रतिष्ठित और सक्षम घरेलू बोलीकर्ताओं को आमंत्रित करती है।
**निविदा-पूर्व बैठक का स्थान:** एम एन दस्तूर एंड कंपनी (पी) लिमिटेड पी-17, मिशन रो एक्सटेंशन कोलकाता – 700 013
बैठक की संक्षिप्त कार्यसूची, कार्य का प्रारंभिक क्षेत्र, समय-सारिणी, परियोजना स्थल आदि जैसे विवरण प्राप्त करने के लिए बोलीकर्ता एनएमडीसी की वेबसाइट **http://www.nmdc.co.in** देख सकते हैं।
इसके अलावा, किसी भी जानकारी के लिए, बोलीकर्ता सीधे अथवा ई-मेल के माध्यम से निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं;
1. श्री आशीष कुमार पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत); ई-मेल contracts@nmdc.co.in
2. श्री अंगशुमन बसु, मुख्य अभियंता; ई-मेल angshuman.b@dastur.com
3. श्री. सौविक गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक, (संविदा); ई-मेल souvik.g@dastur.com
एनएमडीसी लिमिटेड की ओर से
अधिशासी निदेशक(वर्कस)




# वैज्ञानिकों ने गठिया के दर्द से राहत पाने का खोजा आसान तरीका, बिना दवा और सर्जरी के मिलेगी राहत

एक रिसर्च में पाया गया है कि आपके चलने का सही तरीके दवाइयों से भी ज्यादा असरदार साबित हो सकता है। इन सब की मदद से घुटने में ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या से राहत दिलाने के लिए नया रास्ता खुलेगा।

**लंदन।** 40 साल से अधिक उम्र के लोगों में हर 4 में से 1 व्यक्ति ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित है, इस बीमारी से धीरे-धीरे जोड़ों के कार्टिलेज खत्म होने लगते हैं और यही कारण होता है कि घुटनों का दर्द काफी बढ़ जाता है और चलने में काफी दिक्कतें आती हैं। दरअसल, इसका अभी तक कोई भी परमानेंट इलाज नहीं मिला है और डॉ सिर्फ इसे कम करने की ही दवाओं को देते हैं, लेकिन यूटा, न्यूयॉर्क और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च की और उन्होंने इसमें पाया कि चलने का तरीका बदलने से ऑस्टियोआर्थराइटिस इलाज किया जा सकता है।



## चलने के तरीके को बदलकर इलाज

यह सिर्फ एक साल तक चली और इसमें जिन मरीजों ने अपने चलने के एंगल को बदला उन्हें वैसा ही आराम मिला जैसा की दवाइयों से मिलता है। इससे वैज्ञानिकों को यह पता चला की अगर आप चलने के तरीके में बदलाव करते हैं तो इससे आपको ऑस्टियोआर्थराइटिस के दर्द से काफी राहत मिल सकती है और इससे घुटने भी सुरक्षित रहेंगे। ये तरीका उन लोगों के लिए बहुत ही काम का साबित हो सकता है, जिन्हें ऑस्टियोआर्थराइटिस की समस्या है।



## मोशन-कैप्चर तकनीक

ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए मोशन-कैप्चर तकनीक का इस्तेमाल होता है। साथ ही यह बहुत महंगी है और इसमें बहुत ही समय लगता है। इसे आम लोगों के लिए आसान बनाने के लिए पहले क्लीनिक तक पहुंचा कर इस्तेमाल करने लायक बनाना होगा। रिसर्चर्स का कहना है कि इसे भविष्य में फिजियोथेरेपी क्लिनिक में थेरेपी के लिए भी दिया जाएगा।

# पुलिस ने दर्ज की थी झूठी एफआईआर रिक्शा चालक को हाईकोर्ट से मिला न्याय

गरीब रिक्शा चालक को बिना किसी अपराध के आरोपी बनाकर उससे 17 हजार वसूल लिए गए। पौने तीन साल के संघर्ष के बाद आखिरकार उसे हाईकोर्ट से इन्साफ मिला है और कोर्ट ने एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है।

## बिना किसी अपराध के आरोपी बनाकर गरीब व्यक्ति से 17 हजार वसूल लिए गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

याचिका के मुताबिक जयप्रकाश रात्रे एक अनपढ़ व्यक्ति व रिक्शा चालक है। दो नवंबर 2022 को वह अपने घर पर 150 मिलीग्राम की शराब पी रहा था। उसी समय एक पुलिस कांस्टेबल किशोर साहू (685) और सिविल ड्रेस में तीन अन्य कांस्टेबल घर पहुंचे और रिक्शा चालक को थाने ले आए।

17 हजार रुपए की जबरन वसूली भी कर ली गई जो याचिकाकर्ता की पत्नी ने अपनी झोपड़ी की छत ढलाई के लिए कर्ज के रूप में किसी से ली थी। याचिकाकर्ता को पुलिस स्टेशन में तब तक रखा गया जब तक कि उक्त कांस्टेबल को राशि का भुगतान नहीं किया गया। याचिकाकर्ता के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ए) के तहत झूठा मामला दर्ज कर दिया गया।



हाईकोर्ट में दायर याचिका में यह भी बताया गया कि 2 वर्ष और 9 महीने बीत जाने के बाद भी वर्तमान मामले में आरोप-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### एक एसआई सस्पेंड, 4थानेदारों को निंदा की सजा

इस मामले में हाईकोर्ट में पहले क्रिमिनल रिट पिटीशन पेश की गई थी। हाईकोर्ट ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद दोषी पुलिस कर्मी को लाइन अटैच कर दिया गया था। इसके बाद मिस्लेनियस क्रिमिनल पिटीशन पेश कर एफआईआर निरस्त करने की मांग की गई। डीजीपी ने इस मामले में 4 थानेदारों के खिलाफ निंदा की सजा दी और एक एसआई को सस्पेंड कर दिया था। वर्तमान पिटीशन में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डीबी में सुनवाई हुई।

### याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से समक्ष एक याचिका (सीआर) भी दायर की है, जिसमें प्रतिवादी कांस्टेबल किशोर साहू (685) के खिलाफ आपराधिक और विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि मामले में डीजीपी ने हलफनामा दायर किया है। इसमें याचिकाकर्ता के खिलाफ आबकारी की धारा 34(1)(ए) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और उसे बांड भरने के बाद पुलिस ने रिहा कर दिया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि 2 वर्ष और 9 महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया है। प्राथमिकी के अवलोकन से भी प्रथम दृष्टया स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए याचिकाकर्ता के खिलाफ पुलिस स्टेशन सक्ती, में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (ए) के तहत पंजीकृत अपराध संख्या 398/2022 की एफआईआर रद्द की जाती है।

# पूर्व डीईओ तिवारी को राहत नहीं, ट्रांसफर कमेटी के समक्ष आवेदन देने के निर्देश

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने बिलासपुर के जिला शिक्षा अधिकारी रहे डॉ. अनिल तिवारी को राहत देने से इनकार कर दिया है। डॉ. तिवारी ने छह माह के भीतर अपने ट्रांसफर और सहायक संचालक पद पर नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने उन्हें ट्रांसफर कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। साथ ही शासन को कहा है कि उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई।

■ कोर्ट ने शासन को कहा- दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए


दरअसल, शिक्षा विभाग ने बीते 10 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत बिलासपुर के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी को उनके पद से हटाकर संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा कार्यालय बिलासपुर में सहायक संचालक के पद पर भेजा गया। उनकी जगह कोटा विकासखंड के शिक्षा अधिकारी विजय कुमार टांडे को बिलासपुर का नया डीईओ नियुक्त किया गया है। इसी ट्रांसफर आदेश को डॉ. तिवारी ने अपने वकील अम्रितो दास के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी और इसके खिलाफ याचिका दायर की। याचिकाकर्ता डॉ. तिवारी की तरफ से तर्क दिया गया कि वरिष्ठता सूची में उनका नाम 237वें क्रम पर है जबकि विजय टांडे का नाम 330वें क्रम पर है। इसके बाद भी जूनियर को यहां डीईओ बना दिया गया है।

### तबादला प्रशासनिक आदेश के तहत

याचिका में यह भी बताया कि टांडे के खिलाफ रिश्वत लेने सहित कई गंभीर शिकायतें दर्ज हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है। इसके बावजूद उन्हें पदस्थापना दी गई है। मामले की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता एसपी काले ने तर्क देते हुए कहा कि तबादला प्रशासनिक आदेश के तहत किया गया है। दोनों अधिकारियों को उनके नए पद पर कार्यभार भी सौंपा जा चुका है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही ट्रांसफर कमेटी के समक्ष अपना आदेवन पेश कर चुका है। ऐसे में हाईकोर्ट इस स्तर पर मैरिट में हस्तक्षेप नहीं करेगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कमेटी तीन हफ्तों में सुनवाई कर आदेश पारित करे। आदेश मिलने के बाद याचिकाकर्ता आगे कानूनी उपाय करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

# 2500 साल बाद जीवित हुए प्राचीन तमिल! वैज्ञानिकों ने किया ये कमाल

**चेन्नई।** सोचिए, हजारों साल पहले लोग कैसे दिखते होंगे। जाहिर है, पढ़कर आप सिर खुजलाने पर मजबूर हो गए होंगे, पर वैज्ञानिकों ने यह भी मुमकिन कर दिखाया है।



दरअसल, मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जो किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। शोधकर्ताओं ने करीब 2500 साल पुरानी दो खोपड़ियों को डिजिटल रूप से 'जिंदा'कर दिया है। ये खोपड़ियां तमिलनाडु के कीलाडी में खुदाई के दौरान मिली थीं। जानकारी के अनुसार, ये दोनों मानव खोपड़ियां तमिलनाडु के कोंडगाई में मिली थीं, जो कीलाडी से महज ढाई मील (यानी 4 किलोमीटर) की दूरी पर स्थित है। एक खोपड़ी के दांत का इस्तेमाल करके वैज्ञानिकों ने डिजिटल सॉफ्टवेयर की मदद से मांसपेशियों, मांस और त्वचा को जोड़ा। चेहरे का रंग आज के तमिल लोगों के रंग पर आधारित है। इस तरह हमारे सामने 2,500 साल पुराने एक प्राचीन तमिल का चेहरा सामने आया है।

### 7,500 साल पुरानी एडवांस शहरी सभ्यता

कीलाड़ी में पुरातत्व विभाग को मिले सबूतों जैसे ईंटों के मकान, नालियां और मिट्टी के बर्तनों से पता चला है कि यहां लगभग 7,500 साल पुरानी एक बहुत एडवांस शहरी सभ्यता मौजूद थी। यह जानकारी बताती है कि दक्षिण भारत में भी सिंधु घाटी की तरह एक स्वतंत्र और विकसित शहरी सभ्यता थी। मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी में जेनेटिक्स डिपार्टमेंट के हेड प्रोफेसर जी कुमारेसन ने बताया कि उनकी टीम अब इन खोपड़ियों से डीएनए निकालने की कोशिश कर रही है। उनका लक्ष्य प्राचीन लोगों के जीवनशैली और उनके रहने के तरीकों को समझना है। हालांकि, यह काम काफी चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि कंकाल बहुत क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रोफेसर कुमारेसन ने यह भी बताया कि कीलाडी के लोग कृषि, व्यापार और पशुपालन से जुड़े थे। वे हिरण, बकरी और जंगली सूअर जैसे जानवर पालते थे और चावल, बाजरा और खजूर खाते थे। यह खोज भारत की प्राचीन सभ्यता को समझने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हिरण की गर्दन को मुंह में दबोचकर साथ उड़ा ले गई चील

**नई दिल्ली।** चील ने पहाड़ में खाने की तलाश में भटक रहे हिरण के बच्चे को अपना भोजन बना लिया। चील आसमान से उड़ती हुई आती है और एक झटके में हिरण के बच्चे को अपने पंजों में फंसा कर उड़ाकर ले जाती है। इस खौफनाक मंजर को देखने के बाद किसी के भी पैर कांप सकते हैं।




# 500 साल बाद मिला पुर्तगाल से अरबों का खजाना, भारत ला रहे जहाज का मलबा

**सोने और तांबे से लदा हुआ था बोम जीसस**

**लिस्बन।** अफ्रीका के रेगिस्तान में पांच शताब्दियों तक खोए रहे खजाने से भरे जहाज का मिलना हालिया वर्षों की सबसे रोमांचक पुरातात्विक खोजों में मानी जाती है। यह एक पुर्तगाली जहाज बोम जीसस (द गुड जीसस) था, जो 7 मार्च, 1533 को पुर्तगाल के लिस्बन से भारत के लिए रवाना हुआ था। यह रास्ते में समुद्र में गायब हो गया और साल 2008 तक इसकी कोई जानकारी नहीं थी। आखिरकार 2008 में इसका मलबा नामीबिया के रेगिस्तान में हीरा खनन के दौरान मिला।

बोम जीसस पुर्तगाल से सोने और तांबे की सिल्लियों लेकर भारत के लिए निकला था। बोम जीसस के मलबे से दो हजार शुद्ध सोने के सिक्के और हजारों पाउंड तांबे की सिल्लियां सुरक्षित मिली हैं। अनुमान है कि बोम जीसस नामीबिया के तट पर आए तूफान में किनारे के बहुत पास आने से डूबा।



### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

इस पुर्तगाली जहाज का मलबा जिस स्थिति में मिला, उससे एक्सपर्ट अंदाजा लगाते हैं कि यह किसी भयानक तूफान की चपेट में आकर डूबा होगा। घटनास्थल पर मानव अवशेषों के ना होने पता चलता है कि जहाज पर सवार चालक दल के सदस्य या तो मलबे में दबे और बच गए या समुद्र में ही मारे गए। उनके शरीर के अवशेष जहाज के पास नहीं थे। दक्षिणी अफ्रीका समुद्री पुरातत्व अनुसंधान संस्थान के डॉक्टर नोली का कहना है कि यह तटरेखा तूफानों के लिए कुख्यात है। ऐसे में यहां जहाज का मलबा मिलना कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। आश्चर्य खुदाई के बाद सोने का बड़ा जखीरा मिलना है।

### मलबे से बंदूक भी मिली

नोली ने बताया कि यह जहाज से कांसे के कटोरे और धातु के खंभे मिले। नोली की टीम को करीब पांच सौ साल पुरानी बंदूक भी मिली। इसके अलावा चांदी के सिक्के, कम्पास, तलवारें, खगोलीय उपकरण, तोपें और एक टाइम कैप्सूल मिला। मलबे के आधार पर नोली का मानना है कि जहाज पुर्तगाल के लिस्बन स्थित अपने बंदरगाह से पश्चिमी भारत की ओर जा रहा था। बोम जीसस अफ्रीका के पश्चिमी तट पर खोजा गया अब तक का सबसे पुराना और सबसे मूल्यवान जहाज का मलबा है। यह जहाज स्परगेबिएट यानी एक निषिद्ध क्षेत्र में मिला। सैकड़ों जर्मन खोजकर्ता हीरे की तलाश में यहां आए हैं। हीरा कंपनी डीबियर्स और नामीबियाई सरकार इस क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चला रही हैं। यहां लोगों की उपस्थिति काफी सीमित है।










# डायरिया संक्रमण से मल्टीआर्गन फेल, युवा डाक्टर की मौत

**रायपुर।** तीन दिन पहले लूज मोशन की शिकायत के बाद संक्रमित हुए राजधानी के युवा डाक्टर की मौत हो गई। डायरिया के संक्रमण की वजह से उन्हें सेप्टीसीमिया के कारण सारे आर्गन फेल हो गए। युवा डाक्टर तरुणेश राज वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा संचालक कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में पदस्थ थे। बताया जाता है कि डायरिया की शिकायत के बाद दो दिन पहले देवेन्द्र नगर के निजी अस्पताल में दाखिल किया गया था। हालत में सुधार नहीं होने और डायरिया की वजह से सेप्टीसीमिया होने के कारण उन्हें बालाजी हास्पिटल रेफर किया गया था। बताया जाता है कि रविवार को जब उन्हें बड़े अस्पताल में शिफ्ट किया गया तब तक हालत काफी बिगड़ गई थी और उनके आर्गन एक-एक कर फेल होने लगे थे और सुबह सवा दस बजे के लगभग उन्होंने अंतिम सांस ली। 43 वर्षीय तरुणेश राज पूर्व में मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार थे और वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में डिप्टी डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन की जानकारी होने के बाद चिकित्सा जगत में शोक की लहर फैल गई। चिकित्सा महाविद्यालय से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संचालनालय तक के डाक्टर उनके निवास स्थान में एकत्रित हुए। उनका अंतिम संस्कार कोरबा में किया गया।

■ दो दिन पहले लूज मोशन की शिकायत के बाद सेप्टीसीमिया

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com